आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 19 मार्च 2023 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष -12 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-347 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 मार्च 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

रायपुर के सी ए पारस चोपड़ा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

कांग्रेसजनों ने दी बधाई

रायपुर,19 मार्च। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायपुर के सी ए पारस चोपड़ा को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया उक्ताशय का आदेश राष्ट्रीय प्रभारी महासचिव श्री के सी वेणुगोपाल ने जारी किया । श्री पारस चोपड़ा पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष , महामंत्री व प्रवक्ता सहित अनेक पदों पर रह कर उल्लेखनीय कार्य किया है । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर , विजय चोपड़ा , शहर कांग्रेस के महामंत्री प्रकाश पुजारा , वीरेन्द्र डागा , मनोज कंदोई , महावीर मालू , मुकेश शाह , विजय भट्टाचार्य , अमित श्रीवास्तव , गुलाब दस्सानी , संजय श्रीवास्तव , भावेश सोनी , सहित कांग्रेस जनों ने श्री पारस चोपड़ा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए बधाई दी है , तथा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 1 करोड़ से ज्यादा का सोना

नई दिल्ली,19 मार्च। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक का सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने कहा, स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर एयरपोर्ट कस्टम्स, आईजीआई एयरपोर्ट, टर्मिनल-3 के अधिकारियों ने दो भारतीय यात्रियों के खिलाफ सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया। सामान की गहनता से जांच और आरोपी की व्यक्तिगत तलाशी के दौरान 2076.38 ग्राम सोने की बरामदगी हुई, जिसकी कीमत 1,01,59,934 रुपये है। अधिकारी ने आगे कहा कि बरामद सोने को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया है और आरोपियों को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों यात्रियों को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने अभियुक्तों को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डूबने से छात्र की मौत

भिलाई,19 मार्च। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में बीती एक छात्र की मौत तालाब में डूबने से हो गई है। बताया जा रहा है कि छात्र तालाब में नहाने के दौरान तैरकर दूसरे छोर में पर पहुंच गया फिर वापसी में वह बीच तालाब में पहुंचकर थक गया और वह डूब गया। मौके पर स्थानीय मछुआरों ने उसे तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जिसने देर शाम छात्र के शव को बाहर निकाला मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र का नाम ग्राम जमराव निवासी अजय सोनवानी (15) पिता लीलाधर सोनवानीबताया जा रहा है वहां मौजूद लोगों ने बताया कि शाम छात्र नहाने तालाब आया हुआ था। इस दौरान उसने तालाब पार किया। लेकिन वापसी में अजय सोनवानी तालाब पार नहीं कर पाया और आधे तालाब में डूब गया। मौके पर मौजूद मछुआरों ने तालाब में छलांग लगाई। लेकिन वे उसे ढूंढ नहीं पाए। बताया जा रहा है कि छात्र अच्छा तैराक भी था, और नहाने के दौरान उसने तालाब पार किया, पर वापस लौट नही सका और डूब गया।

राहुल गांधी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली,18 मार्च। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के श्रीनगर में दिए गए विवादित बयान के मामले में रविवार को दिल्ली पुलिस उनके आवास पर पहुंच गई है. बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी और डीसीपी इस वक्त राहुल गांधी के घर के अंदर मौजूद हैं. वहीं राहुल गांधी से मुलाकात करने के लिए पवन खेड़ा उनके आवास पर पहुंच गए हैं. हालांकि उन्हें पुलिस ने रोक दिया है. राहुल गांधी के आवास के बाहर बैरिकेड्स लगाए गए हैं. पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी को डराने की कोशिश की जा रही है. सरकार को क्या लगता है राहुल गांधी डर जाएंगे? दरअसल, श्रीनगर में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दिन राहुल गांधी ने बयान दिया था कि आज भी महिलाओं के साथ यौन शोषण हो रहा है. इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने 16 मार्च को राहुल गांधी को नोटिस भेजकर सवाल पूछा था कि वो कौन सी महिलाएं हैं, जिन्होंने ऐसा कहा है. राहुल गांधी उनकी डिटेल्स दिल्ली पुलिस को दें. दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेता ने अभी तक दिल्ली पुलिस को जवाब नहीं दिया है. स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) सागरप्रीत हुड्डा ने कहा कि हम उनसे बात करने आए हैं. राहुल गांधी ने 30 जनवरी को श्रीनगर में एक बयान दिया कि यात्रा के दौरान वह कई महिलाओं से मिले और उन्होंने राहुल गांधी को बताया कि उनके साथ यौन शोषण हुआ है. लिहाजा हम उनसे जानकारी लेने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके. वहीं, कांग्रेस ने राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा नोटिस दिए जाने को लेकर केंद्र पर निशाना साधा था. कांग्रेस ने कहा था कि पीएम मोदी और अडानी के संबंधों पर राहुल गांधी के सवालों से परेशान सरकार अपनी पुलिस के पीछे छिप जाती है. कांग्रेस ने कहा था कि हम कानून के अनुसार उचित समय पर नोटिस का जवाब देंगे. यह नोटिस इस बात का एक और सबूत है कि सरकार डरी हुई है.

क्या है मामला?

पुलिस के मुताबिक राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दिन एक बयान दिया था कि अब भी महिलाओं का यौन शोषण हो रहा है. इस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी को कुछ सवालों की लिस्ट भेजी थी. साथ ही इन महिलाओं के बारे में जानकारी देने के लिए कहा था, ताकि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जा सके.

राहुल गांधी के घर पुलिस के पहुंचने पर सीएम बघेल ने केंद्र पर साधा निशाना

रायपुर। राहुल गांधी द्वारा श्रीनगर में दिए गए बयान को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर के उनके घर जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अनेक जगह यह बातें आई, लेकिन इनको परेशान करना है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कांकेर में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से रू-ब-रू हुई. इस दौरान उन्होंने कहा संसद में बने गतिरोध का जिक्र करते हुए कहा कि अडानी के मामले में बोलने नहीं दे रहे हैं. पहली बार हो रहा है कि संसद को सत्ता पक्ष चलने नहीं दे रही. सदन चलता तो अडानी के बारे में चर्चा होती है. यह षड्यंत्र है. कानून मंत्री किरण रिजिजू के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि रिजीजू कह रहे हैं कि न्यायालय विपक्ष की भूमिका निभा रहा, यह न्याय पालिका को धमकी है जस्टिस लोया प्रकरण का क्या हुआ, कर्नाटक बीजेपी विधायक के घर पैसा मिला उसको अग्रिम जमानत मिल जाती है. जो चीफ जस्टिस थे, वो आज भारत विरोधी है, यह सोच प्रजातंत्र के लिए हानिकारक है.

अमृतपाल सिंह को ढूंढने में जुटी पंजाब पुलिस

इंटरनेट, एसएमएस सेवाओं के निलंबन की अवधि सोमवार दोपहर तक बढ़ी

चंडीगढ़,19 मार्च। पंजाब सरकार ने राज्य में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं के निलंबन की अवधि सोमवार दोपहर तक बढ़ा दी है। इस बीच, कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है। राज्य के प्राधिकारियों ने शनिवार को इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं रविवार दोपहर तक के लिए निलंबित कर दी थीं। पुलिस ने कहा था कि वे अमृतपाल को जल्द गिरफ्तार कर लेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा रविवार को जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है, ''भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं (2जी/3जी/45/5जी/सीडीएमए/जीपीआरएस), सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं को 19 मार्च (दोपहर 12 बजे) से 20 मार्च (दोपहर 12 बजे) तक के लिए निलंबित किया जाएगा, ताकि हिंसा भड़का सकने और शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकने वाली हर प्रकार की घटना को रोका जा सके।'' आदेश में कहा गया है कि ब्रॉडबैंड सेवाओं को निलंबित नहीं किया जा रहा है, ताकि बैंकिंग सुविधाएं, अस्पताल सेवाएं और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध रहें। जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने शनिवार रात जालंधर में नकोदर के पास पत्रकारों से कहा, ''वह (अमृतपाल) अब भगोड़ा है और हम उसकी तलाश कर रहे हैं तथा उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे।'' उन्होंने कहा कि अमृतपाल से संबंधित दो वाहनों को जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले एक संगठन के 78 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था। जालंधर जिले में अमृतपाल के काफिले को रोका गया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारियों ने कई स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल के नेतृत्व वाले 'वारिस पंजाब दे' (डब्ल्यूपीडी) से जुड़े लोगों के खिलाफ 'बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी घेराबंदी और तलाश अभियान (सीएएसओ)' शुरू किया है। अमृतपाल के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अब तक कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अमृतपाल सिंह के धार्मिक जुलूस 'खालसा वाहिर' के मुक्तसर जिले से शुरू होने से एक दिन पहले हुई है। पुलिस ने बताया कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक .315 बोर की एक राइफल, 12 बोर की सात राइफल, एक रिवॉल्वर और 373 कारतूस सहित नौ हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, पंजाब में कई जगहों पर वाहनों की तलाशी लेने के साथ ही सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि डब्ल्यूपीडी से जुड़े लोग विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने, हत्या के प्रयास, पुलिसकर्मियों पर हमले और लोक सेवकों के कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित चार आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को अजनाला थाने पर हमले के लिए डब्ल्यूपीडी तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिछले महीने, अमृतपाल और उसके समर्थकों ने तलवारें और बंदूकें लहराते हुए अवरोधकों को तोड़ दिया था और अमृतसर शहर के बाहरी इलाके में अजनाला थाना में घुस गए थे। वे सभी अमृतपाल के एक सहयोगी की रिहाई की मांग कर रहे थे।

इस घटना में एक पुलिस अधीक्षक सहित छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

राजिम-रायपुर रोड में बड़ा हादसा, सवारी बस और

राजिम,19 मार्च। प्रदेश में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आय दिन सड़के खून से लतपथ होती नजर आ रही है, वहीँ तेज रफ्तार की वजह से कई लोग अपनी जान गवा रहे है, ऐसा ही एक हादसा आरंग से सामने आ आ रहा है, यहाँ एक यात्री बस और टेंकर के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई हैं। इस हादसे में बस में सवार 9 यात्री गंभीर तौर पर जख्मी हो गए। पूरी घटना आरंग थाना क्षेत्र के रसनी के पास की बताई जा रही हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आसपास के लोगो की मदद घायलों को से बस से बाहर निकाला और अस्पताल रवाना किया। इस टक्कर में 9 यात्रियों को गंभीर चोट पहुंची हैं।

ट्रक -स्वराज माजदा में भिड़ंत

भिलाई,19 मार्च। पहुंदा स्कूल के पास एक ट्रक और स्वराज माजदा की आमने सामने भिड़ंत हो गई इस हादसे में ट्रक का चालक और हेल्पर बुरी तरह से घायल हो गए दोनों को 108 की के माध्यम से प्राथमिक उपचार करते हुए अस्पताल पहुंचाया गया जानकारी के अनुसार स्वराज माजदा चालक धमतरी जिले के ग्राम जरवाय निवासी अर्जुन पटेल 40 वर्ष, संजय पटेल 30 वर्ष ट्रक पाटन की ओर से कुम्हारी जा रहे थे। इसी दौरान पहंदा मोड़ के स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर अनिल साहू को मामूली चोट आई है। वहीं दूसरे वाहन के चालक अर्जुन पटेल व हेल्पर संजय पटेल को गंभीर चोट आई। सूचना मिलने पर पुलिस एवं 108 के पायलट नरोत्तम बघेल और ईएमटी यशवंत साहू तुरन्त घटना स्थल पहुंचें अर्जुन की स्थिति गंभीर होने पर सीएचसी कुम्हारी लाया गया।

भाजपा और रमन पर बरसे बघेल

रायपुर,19 मार्च। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कांकेर, बिलासपुर और रायपुर में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे. रायपुर हेलीपेड से कांकेर के लिए रवाना हो गए हैं. इस दौरान उन्होंने आवास, नान डायरी, कुनकुरी कांड और 15 लाख फर्जी राशन कार्ड मामले में बीजेपी और पूर्व सीएम रमन सिंह पर जमकर बरसे. सीएम बघेल ने कहा कि रमन ने झूठ बोला. 16 लाख आवास कहां से आ गए. 7 लाख आवास के लिए बजट के 3200 करोड़ हमने रखा है. सीएम ने कहा कि एक अप्रैल से सर्वे शुरू होगा, जो पात्र हैं उसको आवास देंगे. बीजेपी इससे सहमत है कि नहीं है, एक सदस्य का सहमत होना अलग विषय है. बीजेपी का बयान आना चाहिए. सर्वे का वो स्वागत करते हैं कि नहीं. भाजपा झूठ का महल खड़ा करती है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के राशन घोटाले के आरोप पर कहा कि बीजेपी के समय राशन कार्ड बनाकर काट देते थे. 15 लाख फर्जी राशन कार्ड उन्होंने बनाया, जो चावल गया वो घोटाले के श्रेणी में आएगा. रमन सिंह को जवाब देना चाहिए. 2009 में कुनकुरी कांड हुआ. रमन सिंह के क्षेत्र में धान की चोरी हुई थी. हमारे कार्यकाल में कार्रवाई हो रही है. सीएम ने कहा कि जिन जिन दुकानों का सत्यापन हुआ और जिसमें कमी पाई गई उसमें नोटिस जारी हुआ. 24 मार्च तक आंकड़ा मंगाई गई है, जो गलत है, उसके खिलाफ एफआईआर करा रहे हैं. रमन सिंह के समय में कार्रवाई नहीं हुई. नान डायरी में बहुत सारे नाम थे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. रमन सिंह जो घोटाले की बात कर रहे हैं, वो निराधार है. गरीबों का हक नहीं मारा गया है.

जहरीली मिट्टी से स्थानीय लोग परेशान

विश्वजीत सरकार

बचेली,19 मार्च। कुंदेली ग्राम में लाल जहर वेस्ट मटेरियल डंपिंग को लेकर मचा बवाल , ग्रामीणों ने कुंदेली ग्राम में डंपिग का किया विरोध दंतेवाड़ा जिला के कुंदेली गांव के ग्रामीणों ने आर्सेलर मित्तल कंपनी के बेस्ट मटेरियल (लाल जहर) को गांव में डंप किये जाने को लेकर शनिवार को चक्का जाम कर दिया। सातधार से कुंदेली जाने वाली सड़क पर सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष बैठ कर नारेबाजी की। कुंदेली गांव में विगत दो महीने से किरन्दुल स्थित आर्सेलर मित्तल कंपनी से निकलने वाले लाल जहर बेस्ट मिट्टी को कुंदेली गांव में डंप किया जा रहा है जिसको लेकर अब ग्रामीण एक जुट होकर लाल मिट्टी का गांव में डंप किये जाने का विरोध कर रहें हैं। बता दें कि कुंदेली गांव में लाल मिट्टी डंप करने से पहले ग्राम सभा की गई थी,जिसमे गांव के सरपंच दशरू सहित अन्य तीस लोगों के हस्ताछर है,ग्रामीणों ने बताया तीस लोगों मे तीन से चार लोगों के ही दस्खत ग्राम सभा के दस्तावेजो में सही है,बाकी फर्जी तरीके से गांव के लोगों के हस्ताक्षर किए गए हैं।

विकास की पहली शर्त होती है कानून-व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना : राजनाथ

नई दिल्ली,19 मार्च। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून-व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना और प्रदेश की कानून-व्यवस्था कैसी है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो-दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख?यमंत्री योगी आदित?यनाथ के साथ यहां कॉल्विन तालुकदार कॉलेज में 1449.68 करोड़ रुपये लागत की 353 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना। उन्होंने कहा कि विकास की यदि कोई ऑक्सीजन होती है तो वह चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था ही है और उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था कैसी है, किसी को बताने की जरूरत नहीं है। पुलिस मुठभेड़ में अपराधियों के मारे जाने की ओर इशारा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने किसी समाचार पोर्टल पर पढ़ा था अब तक 63, मेरे अंदर उत्सुकता हुई कि अब तक 63 का मतलब क्या है। जब पूरा पढ़ा तो पता चला कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में 63 अपराधी मारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा, जिस रफ्तार से सफाई का काम हो रहा है, मुझे लगता है जल्दी सेंचुरी पार हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले आप सब होली के रंग में रंगे थे और आज का जो दृश्य अपनी आंखों के सामने देख रहा हूं, तो मैं कह सकता हूं कि आज लखनऊ विकास के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लखनऊ संसदीय क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व संरक्षण की ओर से विभिन्न स्मारकों में सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है, लखनऊ विश्व का सबसे सुंदर शहर बनकर खड़ा होगा, यही हमारी ख्वाहिश है। मुख्यमंत्री के रूप में शनिवार को योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर राजनाथ सिंह ने कहा, ''शायद आपलोगों को इस बात की जानकारी नहीं होगी कि आज की तारीख और दिन हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण है, उत्तर प्रदेश वासियों के लिए भी आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ही के दिन अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के छह वर्ष का पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं कह सकता हूं आज तक इतने लंबे समय तक (राज्य में) कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है, डॉक्टर संपूर्णानंद जी अब तक के सबसे अधिक समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री थे, लेकिन उनके रिकॉर्ड को



बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप को मिला प्रतिष्ठा के अनुरूप सम्मान

स्पर्धा के पहले होनी चाहिए पुरस्कारों की घोषणा

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

माता-पिता या अभिभावक जब कभी भी अपने बच्चों के भविष्य का निर्माण करने का निश्चय लेते हैं तो उसके पीछे अन्य सभी उद्देश्य के साथ एक बड़ी उम्मीद बच्चे के जीवनयापन की गारंटी होती है। पालक अपने बच्चों को शिक्षा, खेलकूद, वादन, गायन, नृत्य, चित्रकला, हस्तकला, लेखन कला आदि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उम्मीद यही रहती है कि बच्चे समय आने पर अपने पैरों में खड़े हो जाए। हमारे देश में खेलकूद की ओर से बच्चों के मन में ललक पैदा करने के प्रयास लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह है खेलकूद में 21वीं सदी में बेहतर कैरियर का वादा किया जाना है। अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनना कोई आसान बात नहीं है। इसके लिए खिलाड़ियों को अपने-अपने मैदान या खेल क्षेत्र में पसीना बहाना पड़ता है। तत्पश्चात केंद्र, राज्य सरकार, औद्योगिक घराने, सार्वजनिक उपक्रम, निजी संस्थान आदि स्थानों पर एक खिलाड़ी को सेवा में रखा जाता है। 1 नवम्बर 2000 को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ राज्य में खेलकूद की अपार संभावना रही है। 2001 से 2022 तक प्रत्येक राष्ट्रीय खेल में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पदक जीते। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 22 वर्षों से छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने बास्केटबाल, व्हालीबाल, हैंडबाल, बैडमिंटन, हाकी, तलवारबाजी, कयाकिंग कैनोइंग, फुटबाल, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स आदि ओलंपिक खेलों के अलावा गैर ओलंपिक खेलों, क्रिकेट, शतरंज, मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं, शक्तितोलन, किक बाक्सिंग, सायकलपोलो,मलखंभ आदि खेलों में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इनमें से हाकी में सबा अंजुम, रेणुका यादव, बैडमिंटन में आकर्षि कश्यप की सफलता का अब तक कोई अन्य उदाहरण नहीं है। तरुण छत्तीसगढ़ के माध्यम से ऐसे विलक्षण खेल प्रतिभाओं को उचित सम्मान दिये जाने की मांग की जाती रही है। इसका सकारात्मक परिणाम भी आये। पहले डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में सबा अंजुम को सीधे पुलिस उपअधीक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई। अब आकर्षि कश्यप को भी यही सम्मान दिया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लेकर पूरा खेल तंत्र बधाई का पात्र हैं। रेणुका यादव अभी नवगठित छत्तीसगढ़ की एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया है। उन्हें जल्द से जल्द राजपत्रित पद पर नियुक्ति दिए जाने की बारी है। एक भेंटवार्ता में रेणुका ने बताया था कि उनके घर की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी फिर भी कम उम्र में अपनी माता जी के साथ दूसरों के घरों में काम करते हुए हाकी खेलती रही। मानवीय दृष्टिकोण से ऐसी प्रतिभाओं को तुरंत इस राज्य में शासकीय सेवा दिया जाना खेल व खिलाड़ियों के लिए उपयुक्त होगा। एक खिलाड़ी की खेल उम्र 10 से 15 वर्ष की होती है अतः छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य खेलों के खिलाड़ियों का समय रहते कैरियर बना देना चाहिए। इससे माता-पिता, अभिभावक, प्रशंसकों, मददगारों को प्रोत्साहन मिलेगा। वैसे भी संबंधित खेल संघ के पदाधिकारियों को स्वयं होकर पदाकधारी विजेताओं के लिए आजीविका उपलब्ध कराने आगे आना चाहिए। इसके साथ ही उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खान-पान, शिक्षा, स्वास्थ्य सब कुछ की जिम्मेदारी शासन को लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया कार्यक्रम की भांति राज्य में भी योजना शुरु किया जाना चाहिए जिसके लिए राज्य खनिज न्यास मद की राशि को आबंटित किया जा सकता है। दुर्भाग्य की बात है कि 29 अगस्त खेल दिवस के दिन दिये जाने वाले पुरस्कार, सम्मान के अलावा छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के शुरुआत में पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार, भूखंड, शासकीय सेवा आदि दिये जाने की घोषणा करने की परम्परा नहीं है। इसे भी आरंभ किया जाना खेल व खिलाड़ियों के हित में होगा।

एक नजर

कलेक्टर ने पीएमजेजेवाई के हितग्राही को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया

कवर्धा 19 मार्च। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कलेक्टर कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही श्रीमती चांदनी काठले को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल उपस्थित थे। भारतीय स्टेट बैंक कवर्धा के मुख्य प्रबंधक श्री नरसिंह रामटेके ने बताया की श्री मन्नो काठले द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत पॉलिसी लिया गया था। श्री मन्नो काठले की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्रीमती चांदनी काठले द्वारा योजना के तहत क्लेम किया गया था। जिसके तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कारवाई करते हुए राशि प्रदान कर हितग्राही को लाभन्वित किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के फाइनेंसियल एडवाईजर श्री रमन महेश्वरी उपस्थित थे।

भिलाई लोगों को डरा धमका कर जमीन हथियाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

भिलाई 19 मार्च। लोगों को डरा धमका कर जमीन हथियाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर ने बताया कि 30 लाख रुपए ठगी के मामले में अमरपुरी चौक सुंदर नगर रायपुर निवासी अश्वनी डड़सेना 56 को गिरफ्तार किया है आरोपी अश्वनी लंबे समय से फरार था आरोपी डड़सेना के खिलाफ अमलेश्वर थाने में 12 मामले दर्ज है 28 फरवरी को आर्शीवाद परिसर नया रायपुर निवासी एचएस मढ़रिया ने अश्वनी डड़सेना की शिकायत किया था कि अश्वनी डड़सेना ने ग्राम अमलीडीह में रकबा 1. 150 हेक्ट. की जमीन का सौदा किया इकरारनामा के नाम पर 20 हजार व बाद में स्टांप के नाम पर 84, 800 रुपए लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराया अमलेश्वर थाने में इससे पहले में 11 बार आश्वनी डड़सेना के खिलाफ अपहरण, धोखाधड़ी धमकाने के मामले दर्ज है। दो दिन पहले को मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी अश्वनी डड़सेना को घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अश्वनी डड़सेना एक आदतन अपराधी है, जो जमीन खरीदी बक्री करने के नाम से कुट रचित दस्तावेज तैयार कर भोले भाले ग्रामीणों को अधिक कीमत पर जमीन खरीदने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करता है।

शादीशुदा युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला से किया अनाचार

भिलाई 19 मार्च। शादीशुदा युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला के साथ अनाचार किया। मामले में कुम्हारी पुलिस ने आरोपी को ग्राम-जंजगिरी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कुम्हारी टीआई सुधांशु बघेल ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पड़ोसी रूपेश मांडले उर्फ मोंगली (29 साल) निवासी ग्राम-कुगदा कुम्हारी द्वारा पीड़िता के घर के पास बोर वाले पुराने मकान ग्राम-कुगदा में बोर चालू करने अकेली जाती थी तब पड़ोस का रहने वाला अपने छत से कूद कर पीड़िता के मकान के बाउंड्री में आ जाता था और पीड़िता के साथ जबरदस्ती अकेला देखकर छेड़छाड़ करता था और शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी ने घटना की जानकारी देने पर जान से मार देने तथा बदनाम करने की धमकी देकर ब्लेकमेल कर पीड़िता से कुल 10000 रुपए भी ले लिया रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आगजनी से पीड़ित 25 परिवारों को प्रशासन ने दिया मुआवजा

भिलाई 19 मार्च। हॉस्पिटल सेक्टर में आगजनी की घटना होने के बाद से प्रशासन ने हर संभव मदद प्रभावित परिवारों के लिए किया है। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, स्थानीय पार्षद कोमल टंडन ने प्रभावित परिवारों के मदद लिए स्पॉट पर जाकर निरीक्षण किया था। आगजनी के बाद से ही परिवारों को राहत देने का कार्य किया गया। नजदीकी स्कूलों में परिवारों को ठहराकर उनकी मदद की गई, भोजन व्यवस्था सहित जरूरी सामग्रियों के इंतजाम किए गए। दस्तावेजों को बनाने के लिए शिविर के लगाए गए तथा दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के लिए भी कैंप का आयोजन किया गया। पीड़ित परिवार का सर्वे किया गया था, सर्वे उपरांत 25 परिवार निवासरत पाए गए थे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत प्रत्येक परिवार को 10500 रुपए की राशि प्रदान की गई है। इसके मुताबिक 25 परिवारों को 262500 की राशि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के तहत दी गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद से खुर्सीपार में साहू समाज का पहला भवन बनवाया, किया लोकार्पण

भक्त माता कर्मा जयंती पर विधायक देवेंद्र यादव ने साहू समाज को दी बड़ी सौगात

भवन के बाजू में भक्त माता कर्मा के नाम गार्डन का किया जा रहा निर्माण, किचन शेड और प्रसाधन कक्ष का भी किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 19 मार्च। आज भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर पर भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने साहू समाज को बड़ी सौगात दी। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद खुर्सीपार क्षेत्र में साहू समाज का पहला भवन बनाया गया है। जिसका आज लोकार्पण किया गया है। सिर्फ यही नहीं विधायक श्री यादव की पहल की खुर्सीपार क्षेत्र में भक्त माता कर्मा के नाम से पहला उद्यान का निर्माण भी किया जा रहा है। साहू समाज भवन के बाजू में ही सर्व सुविधा युक्त उद्यान बनाया जा रहा है। इसके अलावा यहां किचन शेड और प्रसाधन कक्ष का भी भूमिपूजन किया गया है।

भिलाई के लाडले विधायक देवेंद्र यादव लगातार शहर के हित और विकास को लेकर काम कर रहे है। इसी कड़ी में उन्होंने खुर्सीपार क्षेत्र में सैंकड़ों विकास कार्य कराए है। खुर्सीपार-छावनी क्षेत्र का काया कल्प कर दिया है। हर साल की तरह ही इस साल भी साहू समाज खुर्सीपार ने माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई । माता की पूजा अर्चना में विधायक श्री यादव भी शामिल हुए । विधायक श्री यादव से साहू समाज के लोगों ने मांग की थी कि उनके समाज का एक भी भवन खुर्सीपार क्षेत्र में नहीं है। इसलिए एक भवन सामाज का बनाया जाए। ताकि सामाजिक धार्मिक आयोजन यहां हो सकें। तब विधायक श्री यादव ने समाज के प्रमुखों से वादा किया था कि जल्द ही साहू समाज का भव्य बनाया जाएगा। अगले साल जब हम भक्त माता कर्मा की जयंती मनाएंगे तो अपने समाज के नए भवन में मनाएंगे। इसी वादे के मुताबिक विधायक श्री यादव ने पहल की। स्टीमेंट बनवाया और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर जल्द काम शुरू करवाया। इस साल एक साल में साहू समाज का भवन बन कर पूरी तरह से तैयार हो गया है। जिसका आज विधायक श्री यादव ने समाज के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मिलकर लोकार्पण किया।

भव्य पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण

भक्त माता कर्मा की जयंती खुर्सीपार साहू समाज ने धूमधाम से उत्साह पूर्वक मनाया। समाज के लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव के मुख्यआतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। विधायक श्री यादव ने माता कर्मा को प्रणाम करते हुए समाज को संबोधित करते हुए कहा कि माता कर्मा के आशीर्वाद से आज हम सब यहां पर उपस्थित हुए है। माता की पूजा अर्चना में शामिल होने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। साहू समाज का प्रेम और अशीर्वाद हमें सदैव मिलता रहा है। यहां हमें बहुत अपना पन महसूस होता है। इस अवसर पर साहू समाज ने विधायक श्री यादव का आभार जताया और सामाजिक भवन के उनका धन्यवाद किया।

कोहका कर्मा जयंती में भी हुए शामिल

कोहका में भी साहू समाज ने कर्मा जयंती का आयोजन किया। यहां भी विधायक श्री यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना की। समाज के गणमान्य नागरिकों केसाथ महाप्रसादी का वितरण भी किया। माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्हें प्रणाम किया और कहा कि साहू समाज के लोग बहुत ही साफ दिल के लोग है। साहू समाज ने जो प्रेम और अशीर्वाद दिया है। उसके लिए मैं हमेंशा आभारी रहूंगा।दानीवीर भामाशाह के नाम से चौक का हुआ है नामकरण करने पर साहू समाज ने विधायक का आभार जताया है कार्यक्रम में हरिद्वारिका साहू, सभापति बंटी गिरवर साहू, खेदराम साहू युवा अध्यक्ष दिनेश साहू, मुन्ना साहु एम समस्त साहू समाज के जनमानस उपस्थित थे।

किराए के घर में रहने वाले 502 हितग्राहियों का खुद का पक्का घर का सपना हुआ पूरा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर 19 मार्च। किराए के घर में रह रहे ऐसे लोग जो कई दिनों से आवास की राह देख रहे थे तथा खुद का पक्का मकान का सपना देख रहे थे इन लोगो का इंतजार आज समाप्त हो गया। 502 हितग्राहियों को आज लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लॉटरी की शुरुआत कराई। महापौर ने आवास आबंटित हुए हितग्राहियों को मकान मिलने पर सभी को बधाइयां दी। आवास आबंटन होने पर हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान साफ नजर आई। लॉटरी प्रारंभ करने के दौरान लगभग 40 दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए उनके लिए पहले आवास आबंटन की कार्यवाही की गई तथा इन लोगों को पहले शामिल करते हुए लॉटरी निकली गई। दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर तथा शासन के नियम के तहत भूतल पर आवास आबंटित किया गया। लॉटरी में शामिल होने वाली पहली दिव्यांग हितग्राही बरखा को ग्राउंड फ्लोर में पहला आवास मिला। हितग्राहियों ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी, निगम, शासन और प्रशासन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान, मोर आस के तहत किराएदार के रूप में निवास करने वाले पात्र हितग्राही जिन्होंने 10त्न की राशि जमा की थी उन्हें आज लॉटरी में शामिल किया गया था। पहले यह राशि अधिक थी शासन ने सहूलियत देते हुए प्रथम किस्त की राशि को कम किया तथा आसान किस्तों में राशि जमा करने की छूट दी है। इसके चलते हितग्राहियों को राशि जमा करने में आसानी हो रही है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आज 502 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का घर हो, यह स्वप्न आज हितग्राहियों का पूरा हुआ है। अब बेझिझक अपने आवास में यह रह पाएंगे। बता दे कि आवास आबंटन के पूर्व निगम ने इसे लेकर संपूर्ण तैयारी कर ली थी, हितग्राही भी तय समय पर मौजूद हो गए थे। शांतिपूर्ण तरीके से आवास आबंटन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हुई। हितग्राहियों ने लॉटरी निकाल कर आवास क्रमांक के आधार पर आवास अपने नाम किया। आवास आबंटन से पूर्व ही लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह था। आज आवास आबंटन के दौरान प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल, सभापति गिरवर बंटी साहू, अधीक्षण अभियंता एवं नोडल अधिकारी दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। 20 साल से किराए के घर में रहने वाली आरती मंडावी ने जाहिर की खुशी 20 साल से किराए के आवास में रहने वाली आरती मंडावी ने बताया कि काफी वर्ष हो मुझे किराए के मकान में रहते हुए, कभी इस घर से उस घर बदलते भी रहा आखिरकार आज जाकर मुझे अपना खुद का आवास मिला है। इसी प्रकार से राकेश भेंडरे ने बताया कि पहले किरायेदारों के लिए किसी भी प्रकार की योजना खुद का घर प्राप्त करने के लिए नहीं था, जैसे ही योजना की जानकारी हुई मुझे मकान की आस बड़ गई।

कर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंडी अध्यक्ष नीलकंठ

कवर्धा 19 मार्च। कृषि उपज मंडी क्षेत्र ग्राम बरकोही में आयोजित मां कर्मा जयंती समारोह कार्यक्रम में आज मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु जी, एवम् विशिष्टअतिथि तोरण साहू सामलाल साहू रजऊ पारस साहू राजेश साहू मोहन साहू खोरबहारा साहू रामाधीन साहू एवम् ग्राम के प्रमुख लोगो की उपस्थिति में आयोजित की गई । कार्यक्रम में कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु ने संबोधन कर मां कर्मा के जीवन के बारे में लोगों को बताए एवम आराध्य देवी कर्मा जयंती पापमोचनी एकादशी के दिन पूरे देश में साहू समाज के द्वारा मनाया जाता है साथ ही भूपेश सरकार की सराहना करते हुए मां कर्मा जयंती समारोह में शासकीय अवकाश देने के लिए आभार व्यक्त किया एवम अपने समाज के लोगों को कर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाए दी *कृषि मंडी निधि से ग्राम बरकोही को सी सी निर्माण विकास के लिए 5 लाख रु की घोषणा की साथ ही ग्राम रौचन में कर्मा जयंती समारोह में मा मंत्री महोदय जी द्वारा स्वेच्छा नुदान से पच्चीस हजार रुपया , दिलाने की घोषणा किया ।

महादेव आईडी आनलाइन सट्टा के लिए बैंक खातों से पैसे के लेनदेन के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

भिलाई 19 मार्च। महादेव आईडी आनलाइन सट्टा के लिए बैंक खातों से पैसे के लेनदेन के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रार्थी से रूपयों की आवश्यकता बताकर बैंक, चेक का दुरूपयोग कर रहा था। वहीं एक आरोपी लक्की पूर्व में भी महादेव आईडी आनलाइन सट्टा में सक्रिय था पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महादेव आईडी आनलाइन सट्टा में उपयोग किये जाने वाले 3 नग मोबाइल, 2 नग चेक बुक और 2 नग एटीएम कार्ड को जब्त किया दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि प्रार्थी प्रशांत कुमार (33 वर्ष) कैम्प 1 ने डीडी. फुड्स नगपुरा में सेल्समेन का काम करता है और उसकी कंपनी का आफिस मुकुट नगर दुर्ग में है। उसने भट्ठी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कंपनी ने रायपुर में फ्रेंचाइजी शाखा का प्रारंभ किया था। जहां पर 18 नंबर रोड कैम्प 1 छावनी का निवासी विकास कुमार सेल्समेन का कार्य करता था। उसी काम के सिलसिले में मुकुट नगर दुर्ग आफिस में आने -जाने के दौरान प्रार्थी का परिचय विकास कुमार से हुआ था। विकास कुमार ने प्रार्थी को नवंबर 2022 में बताया कि उसका पैसा कहीं रुका हुआ है। उसे पैसे की जरूरत है,कहकर प्रार्थी से बैंक खाता का चेक की मांग की। विकास कुमार ने प्रार्थी प्रशांत कुमार से बार -बार जिद पर आधार कार्ड, पेनकार्ड, फोटो, कोरे कागज में हस्ताक्षर कर अपने व्हाट्सएप मोबाइल नंबर के माध्यम से विकास कुमार के मोबाइल व्हाट्सएप में भेजा था। उसके बाद विकास कुमार ने प्रार्थी के एक्सीस बैंक शाखा सुपेला के बैंक चेक का उपयोग कर रूपये का लेनदेन किया। उसके बाद प्रार्थी को विभिन्न माध्यमों से पता चला कि विकास कुमार एवं उसके साथियों ने प्रार्थी के बैंक खाता एवं चेक का महादेव ऐप ऑनलाईन सट्टा में रूपयो पैसों का लेनदेन के लिए उपयोग कर छलकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी किया। रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया इन आरोपियों से चेकबुक व एटीएम कार्ड जब्त प्रकरण में भट्ठी पुलिस ने नवीन्दर सिंह उर्फ लक्की (22 वर्ष) सेक्टर- 4 निवासी,राजबीर सिंह उर्फ चिन्टू(23 वर्ष) निवासी सुपेला और रजत साहनी उर्फ हड़िया (25 वर्ष) निवासी सुपेला को पकड़कर पूछताछ की।उन्होंने महादेव ऐप आनलाइन सट्टा में रूपयो के लेनदेन के लिए बैंक खाता चेक का उपयोग कर छलकर कर बताया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बैंक चेक बुक एटीएम कार्ड एवं मोबाइल जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी विकास कुमार फरार है उक्त कार्यवाही में भट्ठी टीआई कृष्ण कुमार कुशवाहा, आरक्षक अजय सिंह, अमित सिंह, लुमेन्द्र टंडन, डिकेश बंछोर, जी. जगमोहन की उल्लेखनीय भूमिका रही।

दो थाना एरिया में महिला के गले से चेन स्नेचिंग, जुर्म दर्ज

भिलाई 19 मार्च। नेवई और वैशाली नगर क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन खींच कर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। नेवई पुलिस ने बताया कि आशीष नगर (पश्चिम) सड़क 5 रिसाली निवासी श्रीमती निशा साहू (56 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 जनवरी को बड़ी बहन अरुंधति साहू सड़क 11 आशीष नगर निवासी शाम को सब्जी खरीदकर पैदल अपने घर की ओर जा रही थी। सड़क 5 पर पीछे से दो अज्ञात लड़के मोटर सायकल सवार आये जो मुंह में स्कार्फ बांधे हुये थे। बाइक में पीछे बैठे हुए लड़के ने गले में पहने हुए सोने की चेन (करीब 12 ग्राम) को खींच कर भाग गया। इसी तरह से वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी कलावती गणेशानी (70 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 दिसंबर को अपने भाई के घर जाने के लिये। घर से पैदल निकली थी।

अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने पर 4 दुकानें हुई सील

भिलाई नगर 19 मार्च। अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं करवाने वाले दुकानों पर एक बार फिर से कार्रवाई की गई है। नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा शहर के मुख्य मार्केट जवाहर नगर और जलेबी चौक के समीप की दुकानों को सील बंद करने की कार्यवाही की गई। शुक्रवार को निगम के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, अमित एक्का, विजेंद्र गुप्ता तथा सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने जवाहर मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया इस दौरान अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले लोगों की दुकानें सील की गई। इससे पूर्व निगम ने नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस जारी किया था परंतु फिर भी नोटिस का अनदेखी करने पर कार्रवाई की गई है। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल भी मौजूद थी। शहर के प्रमुख जवाहर मार्केट में दो दुकानें तथा जलेबी चौक की दो दुकानों को सील किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि ऐसे लोग जो अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आते हैं और जिन्होंने नियमितीकरण नहीं कराया है वह शीघ्र ही वास्तुविद के माध्यम से नियमितीकरण के लिए निगम में आवेदन प्रस्तुत कर दे। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत विकास व निर्माण को लेकर सर्वे किया जा रहा है और इन्हें नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर भिलाई निगम कड़ी कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के लिए सर्वे करने, शिविर लगाने तथा नोटिस जारी कर नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि भिलाई निगम के द्वारा बारंबार लोगों से अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का नियमितीकरण कराने की अपील की जा रही है, इसके लिए शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में विधायक ममता ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 19 मार्च। महिला एव बाल विकास में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले के कुण्डा परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेन्हाभाठा के श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 42 जोड़ो ने फेरे लेकर विवाह के बंधन में बंधकर किए नव दांपत्य जीवन में प्रवेश किया सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रीय विधायक ममता ने सभी वर वधुओ को दी शुभकामनाएं दी ।महिला एव बाल विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कुण्डा महिला एव बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम के द्वारा विकासखण्ड पंडरिया ग्राम सेन्हाभाठा के श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ । विधायक ममता मनोज चंद्राकर परिजनों एव अतिथियों व गणमान्य नागरिकों के मौजूदगी में 42 नव युगलों का विवाह सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ममता चंद्राकर, बाब्बे डेरा प्रमुख कुण्डा संत हरदीप सिंह खनूजा,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा उतरा दिवाकर,कुर्मी समाज के प्रतिनिधि के रूप में कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर,रजक समाज के प्रतिनिधि के रूप में सदस्य रजक कल्याण बोर्ड भुनेश्वर निर्मलकर,वैष्णव समाज के प्रतिनिधि के रूप में जिला अध्यक्ष सेवा संघ रामायण वैष्णव,सतनामी समाज के प्रतिनिधि के रूप मे जगन्नाथ बजारे,यादव समाज के प्रतिनिधि के रूप में जिला प्रवक्ता पांचोराज यादव महासमिति सूरज यादव, जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया तुलश चंद्राकर,मनोज चंद्राकर, विधानसभा समन्वयक राजीव गांधी युवा.पलेश्वर चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, हरचरण सिंह खनूजा ब्लॉक उपाध्यक्ष हरेंद्र चंद्राकर,कोषाध्यक्ष कांग्रेस सुमितपाल खनूजा,महामंत्री कांग्रेस लक्ष्मण यादव ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस मिथलेश चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधियों एव गणमान्य नागरिकों ने नव दंपत्तियो को सुखमय दम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया वर वधू शासन की इस योजना से लाभावित होकर खुशी से अपने जीवन साथी के साथ विदा हुए महिला एव बाल विकास परियोजना अधिकारी कुण्डा बृजेश सोनी ने बताया की कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित,दीप प्रज्वलित कर किया गया उन्होने ने बताया की समस्त वैवाहिक कार्यक्रम क्रम अंतर्गत श्रीराधाकृष्ण मंदिर में बाके बिहारी की पूजा अर्चना कर ग्राम भ्रमण कर बाजे गाजे के साथ आतिश बाजी कर बड़े उल्लास के साथ बारातियों का स्वागत जनप्रतिनिधियों एव विभागीय अधिकारीयो द्वारा किया गया समस्त मांगलिक कार्यक्रम पुरोहित द्वारा विधि विधान के साथ मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलित कर नवदंपतियो को अग्नि के साथ सात फेरे लेकर गृहस्थ्य जीवन में प्रवेश करने से पहले सात वचन दिलाई गई ।विधायक ममता/मनोज चंद्राकर ने प्रत्येक वधू को चांदी की पायल,मंगल सूत्र और बिछिया उपहार स्वरूप भेंट की ओर विधायक ममता चंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों,पर्यवेक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र दिए ।

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में शिक्षकों को न्याय दिलाने शिक्षक संघ ने की ट्रिब्यूनल गठन की मांग

भिलाई 19 मार्च। लंबे समय से प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। शिक्षकों को उचित वेतन न देना, वेतन की कटौती करना और नियम विरूद्ध नौकरी से निकाला जाना जैसी कई समस्याएं लंबे समय से स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में लंबित है। शिक्षकों से संबंधित समस्याओं के निपटारे के लिए कुलपति महोदय को विश्वविद्यालय परिनियम 19 के नियम 42 में ट्रिब्यूनल के गठन का अधिकार दिया गया है। ट्रिब्यूनल न होने के कारण शिक्षकों को न्याय नहीं मिल पा रहा है एवं उनके मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। परिनियम 19 के इसी नियम के तहत शिक्षक संघ ने महामहिम राज्यपाल और कुलपति महोदय से ट्रिब्यूनल के गठन की मांग रखी है।

मांझिनगढ़ को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने की सीएम ने की घोषणा

154 करोड़ से अधिक के 145 विभिन्न विकास कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन

रायपुर, 19 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बांसकोट में केशकाल विधानसभा के ग्राम बांसकोट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा की स्थापना, मांझीनगढ़ पर्यटन स्थल को जैव विविधता पार्क के रूप में जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने तथा उप स्वास्थ्य केंद्र गम्हरी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन करने के साथ ही बांसकोट में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने एवं साहू सदन बाँसकोट में आहाता निर्माण की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए केशकाल में इंडोर स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज कोंडागांव जिले के बांसकोट में भक्त माता कर्मा जयंती तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले में 154 करोड़ के 145 विभिन्न कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष श्री सन्तराम नेताम,बस्तर सांसद श्री दीपक बैज, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों जैसे देवगुड़ी, मातागुड़ी एवं घोटुल की भूमि को संरक्षित रखने हेतु कुल 436 सामुदायिक वन अधिकार पत्र ग्रामीणों को प्रदान किये गए तथा साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा को नमन किया उन्होंने कहा कि आज भक्त माता कर्मा जी की 1007 वीं जयंती हम सब मना रहे हैं । आज प्रदेश भर में बेमौसम बारिश हुई है जिससे असुविधा हुई है परंतु इस बारिश से किसी प्रकार से उत्साह में कमी नहीं आई है । पूरे हर्षोल्लास के साथ माता कर्मा जी की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने माता कर्मा का जो योगदान है उसे समाज कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने एकता में ही ताकत के आधार पर समाज को संगठित किया और एक नई दिशा प्रदान की।

उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके दी जा रही सहायता राशि को हमने 15 हजार से बढ़कर 25 हजार किया था और वर्तमान बजट में इसे बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रावधान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सुपोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से आए सकारात्मक बदलावों पर प्रशंसा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की चर्चा पूरे देश में हो रही है और उसके पीछे सभी समाज के साथ-साथ साहू समाज का भी बड़ा योगदान है। हमने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ 4 साल पहले एक नई यात्रा की शुरुआत की थी, हमारी सरकार ने किसानों, मजदूरों तथा परंपरागत व्यवसाय करने वाले मेहनतकश कारीगर और महिलाओं के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव जिले में ही 29 हजार 939 किसानों के कुल 116 करोड़ 34 लाख 72 हज़ार कर्ज माफ हुए हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी प्रदेश सहित जिले के किसानों को लाभ मिल रहा है।

जिला युवा कांग्रेस की पहली बैठक में किया कार्यकारिणी का विस्तार, बनाए ब्लॉक प्रभारी

- जिला प्रभारियों व विधानसभा प्रभारी की मौजूदगी में हुई पहली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अं.चौकी 19 मार्च। टाऊन हॉल अं.चौकी मे मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिला युवा कांग्रेस की पहली बैठक जिला प्रभारी नरेंद्र वर्मा ,विधानसभा प्रभारी खुज्जी कुबेर वैष्णव मोहला-मानपुर विधानसभा प्रभारी पवन तिवारी की उपस्थिति मे संपन्न हुई,जिलाध्यक्ष के साथ दोनो विधानसभा अध्यक्ष उपस्थिति हुऐ,युवा कांग्रेस के चुनाव उपरांत यह पहली बैठक जिला युवा कांग्रेस की रखी गई7 जिसमे कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। प्रदेश संगठन के व्दारा आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई वहि पूर्व मे किऐ कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई,जिला प्रभारीगण ने प्रदेश संगठन के व्दारा प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्षो की नियुक्ति को लेकर जो दिशानिर्देश दिए गए है उन्हे रखा जिसके अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु ब्लॉक अध्यक्ष के दावेदारी को कम से कस 30 पोलिंग बूथो मे कमेटी बनाने कहा गया7 बताया गया कि प्रत्येक बूथ कमेटी मे कम से कम पांच सदस्यों को जोडना होगा जिसमे महिला तथा एक

डिजिटल सदस्य अनिवार्य रुप से बनना होगा यदि ब्लॉक अध्यक्ष दावेदार 25 प्रतिशत बूथ की कमेटी का गठन कर लेता है तो वह परिवीक्षाधीन ब्लॉक अध्यक्ष के रुप मे जाना जाएगा एवं शत प्रतिशत गठन के बाद वह पूर्व कालीन ब्लॉक अध्यक्ष के रुप मे नियुक्ति किया जाएगा ,कमेटी का गठन मोबाईल ऐप के मध्यम से ही मान्य होगा अर्थात डिजिटल मेबरशिप के मध्यम से ब्लॉक कमेटीयो का गठन किया जाएगा बैठक मे पुनः छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस के सरकार बनाने के लिये सभी लोग कडि मेहनत कर भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की उपलब्धियो को योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने कहा,

जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल ने सभी पदाधिकारियों को प्रदेश संगठन मे समय समय पर मिलने वाले कार्यक्रम धरना प्रदर्शन मे अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने को कहा तथा अपने अपने क्षेत्र मे सक्रिय त बनाए रखने को कहा गया ।

ब्लॉक प्रभारी के रुप ने नियुक्ति-डिजिटल बूथ मेबरशिप के लिऐ जिले के ब्लॉक के लिये नियुक्तियों किया गया खुज्जी विधानसभा, छुरिया-राकेश बारले,कुमर्दा-तनवीर खांन,अं.चौकी(ग्रामीण)-जितेंद्र उईके, अं.चौकी(शहर)-योगेश देवागन, मोहला- मानपुर विधानसभा, मोहला-परस निषाद, रावेन्द्र मांझी, मानपुर-सदा राम शेण्डे,लाला मेश्राम को बना गया है।

छत्तीसगढ़ यूट्यूबर एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित, दीपक अध्यक्ष

रायपुर 19 मार्च। छत्तीसगढ़ में लगभग 5000 से अधिक सोशल मीडिया में कार्य कर रहे हैं लेकिन इनका किसी भी प्रकार का यूनियन संगठन तैयार अभी तक नहीं हो पाया था। आज दिनांक 15/03/2023 को रायपुर में विशेष बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से आए यूट्यूबर, इनफ्लुएंसर, ब्लॉगर्स, कंटेंट क्रिएटर द्वारा संगठन का रजिस्टर कराया गया संगठन का उद्देश्य इनफ्लुएंसर के हक अधिकार एवं सोशल मीडिया में आने वाले दिक्कतों का वर्कशॉप के माध्यम से जानकारी प्रदान करना समय-समय पर मीटअप इवेंट अवॉर्ड शो के माध्यम से एक मंच देना वैसे तो आपको भी जानकारी होगा सोशल मीडिया के माध्यम से आज बहुत लोगों ने अपना कैरियर बना चुके हैं और राशि सम्मान के साथ देश विदेश में छवि बनाएं है। खानपान संस्कृति खानपान से लेकर व्यक्ति में छुपे कला को भी बाहर निकालने में सोशल मीडिया का विशेष योगदान है इन सभी को मद्देनजर रखते हुए आज

छत्तीसगढ़ में संगठन तैयार किया गया, आने वाले समय में एकजुटता का परिचय देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा छत्तीसगढ़ में सोशल मीडिया यूनियन का रजिस्टर होने के बाद सभी इनफ्लुएंसर ने खुशी जाहिर किया है और हाल ही में होने वाले मीटअप में सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को अवॉर्ड दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार इन छत्तीसगढ़ के बहुत बड़े इवेंट अवॉर्ड शो होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के इनफ्लुएंसर आमंत्रित होंगे इस दौरान प्रदेश स्तर में कार्यकारिणी घोषित किया गया जिसमें दीपक पटेल को अध्यक्ष पद एवं कोषाध्यक्ष के लिए ब्रजराज रजक सचिव कौशल गोस्वामी , उपाध्यक्ष के रूप में नरेश साहू घनश्याम मिर्जा जी, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हेमंत चंद्रा , सुश्री कंचन देवांगन, हरिश्चंद्र निर्मलकर, त्रिवेंद्र कुमार पटेल जी,सोशल मीडिया प्रचारक कोमल देवांगन, विशेष सलाहकार अभिषेक ठाकुर, विधिक सलाहकार विनोद राज मसीह जी को चुना गया। जल्द ही जिला स्तर पर भी कार्यकारिणी गठन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप के अनुमोदन पर इंडियन जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

रायपुर,18 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर इंडियन जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।इंडियन जर्नलिस्ट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री शरणजीत सिंह तेतरी ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे अपने कर्तव्यनिर्वहन के लिये जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा। इंडियन जर्नलिस्ट्स फेडरेशन(द्वद्धद्ध) छत्तीसगढ़ के पत्रकार संगठन के बन्धुयो ने मीडिया कर्मियों के प्रति सहृदयता रखने वाले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया किया

शरनजीत सिंह तेतरी छत्तीसगढ़ प्रदेशअध्यक्ष (द्वद्धद्ध), अमित मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल रतेरिया प्रदेश महासचिव, प्रताप नारायण सिंह प्रदेश सचिव , भारत योगी प्रदेश सचिव , आबिद शेख ,नरेंद्र शर्मा, महेंद्र ठाकुर,विजय लाल, किशोर कर ,शशिर देवगन , श्याम कश्यप , राहुल पनका,सैय्यद शफ़ीक़ अमन, मो. शमीम, सहित संगठन के सदस्यों ने आभार ब्यक्त किया है।

अज्ञात व मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को किया गया परिजनों के सुपुर्द

राजनांदगांव 19 मार्च। थाना सोमनी अंतर्गत् ग्राम तोरनकट्टा में 02-03 दिन से ईधर उधर घुम रही नेपाली महिला उम्र लगभग 30-35 साल जो मानसिक रूप से विक्षिप्त थी जिसे दिनांक 09.03.2023 को रात्रि 10:00 बजे ग्रामवासियो की सूचना पर डायल 112 के माध्यम से थाना लाकर सखी सेंटर राजनांदगांव ले जाया गया था जो मानसिक रूप से विक्षिप्त होने पर उचित ईलाज हेतु मेंटल हास्पिटल देवादा के डायरेक्टर डॉ गुप्ता से चर्चा कर हास्पिटल में भर्ती कराया गया । दौरान इलाज पूछताछ करने पर अपना नाम मंजू पति राधेश्याम ग्राम भेलभरिया उत्तरप्रदेश की रहने वाली बताई, इसके अतिरिक्त कुछ नही बता पा रही थी जिसके संबंध में गुगल मेप के माध्यम भेलभरिया गांव के संबंधित ब्लॉक, फिर थाना सर्च किया गया जो कोठीभाठ थाना क्षेत्र होना पाया गया जहाँ उत्तर प्रदेश पुलिस से संपर्क कर उसके पति राधेश्याम शर्मा की जानकारी मिली जो कि तमिलनाडु के किसी कंपनी में मजदूरी करता है।

एयरटेल ने एक साथ 125 शहरों में 5जी लॉन्च की घोषणा की

रायपुर, 19 मार्च। भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज 125 शहरों में अपनी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। इसके साथ ही एयरटेल 5जी प्लस सेवा अब देश के 265 से अधिक शहरों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। एयरटेल 5जी प्लस के तीन आकर्षक फायदे हैं। सबसे पहले, यह एक ऐसी तकनीक पर चलता है जिसकी दुनिया में सबसे विकसित इकोसिस्टम के साथ व्यापक स्वीकृति है। यह सुनिश्चित करता है कि भारत में सभी 5जी स्मार्टफोन एयरटेल नेटवर्क पर निर्बाध रूप से काम करें। दूसरा, कंपनी शानदार वॉयस एक्सपीरियंस और सुपर-फास्ट कॉल कनेक्ट के साथ आज की तुलना में 20 से 30 गुना अधिक गति का बेहतरीन अनुभव देने का वादा भी करती है। अंत में, एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क अपने विशेष पॉवर रिडक्शन सॉल्यूशन के साथ पर्यावरण के लिए भी अधिक अनुकूल होगा। भरोसेमंद एयरटेल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित, एयरटेल 5जी प्लस हाई-डेफिनिशन वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैटिंग, फोटो को तुरंत अपलोड करने व अन्य सुविधाएं के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा।

प्रदेश कांग्रेस का पुनर्गठन करने की मांग, खरगे को पत्र

रायपुर 19 मार्च। नहरपारा इंदिरागांधी वार्ड के पूर्व पार्षद व पूर्व जोन अध्यक्ष रमेश आहूजा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र

प्रेषित कर कहा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस को नए जोश व नये खून की आवश्यकता है। आहूजा ने लिखा है कि उदयपुर शिविर व रायपुर अधिवेशन में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम उम्र वाले को देने के पारित प्रस्ताव का सभी कांग्रेसजन स्वागत करते है। अधिकांश मतदाता 18 से 50 वर्ष के हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ कांग्रेस में 80 प्रतिशत पदाधिकारी 50 वर्ष से ऊपर के हैं। आहूजा ने खरगे से निवदेन किया है कि पारित प्रस्ताव के मुताबिक छग कांग्रेस का पुनर्गठन कर 50 प्रतिशत पदों पर 50 वर्ष से कम उम्र वालों को बैइाया जाए। चुकि विधानसभा चुनाव को कुछ माह ही शेष रह गए हैं लिहाजा इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। पदाधिकारियों को एक-उक विधानसभा की जवाबदारी दी जाए ताकि सही प्रत्याशी का चयनन हो सके। इससे कांग्रेस 90 में से 75 सीट जीत सकती है। आहूजा ने पत्र की प्रतिलिपि छग कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा को भेजी है।

नगर निगम का स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव 19 मार्च। नगर निगम ने आज प्रातः स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों ने आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार व शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा तिवारी के साथ शीतला मंदिर परिसर की सफाई किये। इसके पूर्व निगम परिसर तथा अपने अपने कमरे की सफाई कर फाईलो का संधारण किये। प्रत्येक महीने के तीसरा शनिवार को सुबह 8 बजे से अपने कार्यालयों की साफ सफाई करने एवं दस्तावेंज का संधारण करने जिलाधीश श्री डोमन सिंह के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। अभियान अंतर्गत इस शनिवार आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने शीतला मंदिर परिसर व बुढा तालाब की सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाकर कचरा उठाया तथा भगवान शंकर की प्रतिमा, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा एवं प्रवेश द्वार में लगे सिंह व हाथी की प्रतिमा धुलाई की गयी। इसे पूर्व निगम के समान्य प्रशासन, महापौर व अध्यक्ष कार्यालय, लोककर्म, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अपने कक्ष की सफाई किये तथा सभागृह, निगम परिसर मे सफाई कर कचरा उठाये। साथ ही कार्यालय के दस्तावेंजों का संधारण भी किया गया। इसके अलावा परिसर एवं निगम के उद्यान से छिल्ली पन्नी उठाकर, कटीली झाडिया एवं घास काटा गया। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि कलेक्टर महोदय की मंशानुरूप अवकाश के दिन माह के तीसरा शनिवार को अपने अपने कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाने के अनुक्रम में आज नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी नवरात्रि पर्व के पूर्व शीतला मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर, तालाब के किनारे की सफाई कर कचरा उठाये एवं प्रतिमा धुलाई की गयी। इसके पूर्व निगम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया और फाईलों का संधारण किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के अलावा नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुये सिद्धपीठ माता देवाला में सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर की सफाई की गयी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यालयीन अवधि में सरकारी कामकाज के कारण कार्यालय की ठीक से सफाई एवं फाईलों का संधारण नहीं हो पाता, अवकाश के दिन निर्देशानुसार तीसरे शनिवार को सफाई अभियान चलाने से सफाई के साथ साथ फाईलो का संधारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में साफ सफाई करने फाईलों का संधारण करने से स्वच्छ वातावरण निर्मित होता है जिससे काम करने में उत्साह आती है। इस अवसर पर प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सफाई अभियान मे हिस्सा लेकर सफाई किये।

साहू समाज के लोगों ने अपना व्यापार,दुकान बंद रखा

ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव में सोल्लास मनाई कर्मा जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 19 मार्च। बेलरगाँव,ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा 1007 वी संत माता शिरोमणि भक्त कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सामाजिक बंधुओं के द्वारा अपने दुकानों व्यापार और कृषि कार्य को बंद कर सौहार्द्र पूर्वक वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ग्रामीण के सभी सदस्यों के द्वारा बाइक रैली पूरे ग्राम मे भ्रमण किया गया तत्पश्चात माताओं बहनों के द्वारा सिर में कलश धारण कर हाथ में झंडा लिए भजन कीर्तन कर जयकारों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें व्यापारी प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के द्वारा आतिशबाजी किया गया । जो साहू सदन से रावन भाटा होते हुए पुराना हटवारा पारा , शीतला मंदिर ,शीतला पारा ,अमली पारा, बीच पारा ,कोठीपारा, होते हुए बस स्टैंड, दंतेश्वरी मंदिर होकर ग्रामीण साहू सदन पहुंचा गया। जहां मां कर्मा की महाआरती एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। और छोटे छोटे बच्चों के द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया । उसी प्रकार सामाजिक विद्यार्थी जो अधिक प्रतिशत लाते हैं उसे समाज के द्वारा सम्मान किया जाता है उसी प्रकार से जो बच्चे अधिक पर्सेंट लाए हैं उसका सम्मान किया गया

जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री

पोखराज कश्यप जी उसरपंच ग्राम पंचायत बेलरगांव,अध्यक्षता माननीय श्री लिलम्बर सिंह साहू जी अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव विशिष्ट अतिथि श्री हुमित कुमार लिमजा जी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी चमरूराम साहू जी संरक्षक ग्रामीण समाज बेलरगांव, सुभाष चंद्र साहू जी महासचिव तहसील साहू समाज नगरी , टिकेश्वर साहू जी अकेक्षक तहसील समाज नगरी, श्रीमती कमला साहू जी सचिव महिला प्रकोष्ठ तहसील समाज नगरी ,श्री डोमर सिंह साहू जी पूर्व संरक्षक तहसील समाज नगरी,श्री हरी राम साहू जी पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्रीय समाज बेलरगांव,श्री बृज लाल साहू जी पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्रिया साहू समाज बेलरगांव आदरणीय श्री बंसी लाल साहू जी पूर्व अध्यक्ष संचालक मंडल बेलरगां,श्री पवन कुमार साहू जी अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ बेलरगाँव,दिनेश साहू जी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ खेमू साहू यतेंद्र साहू जी सचिव संचालक मंडल समाज बेलरगांव श्रीमती महेश्वरी साहू जी सचिव महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्रिया साहू समाज बेलरगांव श्री चंद्रशेखर साहू जी अंकेक्षक परिक्षेत्रिया ,श्री चुन्नूलाल साहू जी पूर्व अध्यक्ष संचालक साहू समाज बेलगांव

उमेश कुमार साहू श्रीमती उर्वशी साहू जी पूर्व अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्रिया साहू समाज बेलरगाँव श्री मोहन साहू ,

श्री सुरेश कुमार कोराम जी अध्यक्ष ग्रामीण गोंडवाना समाज बेलरगांव,भुवनदास मानिकपुरी अध्यक्ष पनिका समाजरिखबचंद सोनी अध्यक्ष सोनार समाजबेलरगाँव एवं सर्व समाज के ग्रामीण अध्यक्षगण अतिथियों के द्वारा उद्बोधन मे कहा गया कि भेदभाव व बुराइयों के प्रति अच्छाई और सामाजिक एकता संगठन को मजबूत बनाने कहा गया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सल्पाहार एवं भक्त माता कर्मा की प्रसाद खिचड़ी अतिथियों एवं सामाजिक जन को वितरण किया गया। जिसमें ग्रामीण उपाध्यक्ष सनातन साहू सचिव प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष टीकम साहू व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारद साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपाल साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष तोरन साहू,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शकुंतला साहू, बबीता साहू, सीमा साहू, तिरथ साहू, भागचंद साहू, दीपक साहू, धिरपाल साहू, चैतन्य साहू,नरेन्द्र साहू, योगेश साहू, सुरेश साहू, खेलू राम साहू, हिराऊ राम साहू, सलिक साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, तेज कुमार साहू, भागवान साहू, प्रकाश साहू, विमल साहू, राम जी साहू, लोकेश साहू, भवरलाल साहू, बिन्दु साहू, इन्द्र कुमार साहू, वेकेशवर साहू , प्रमिला साहू ,कुमारी बाई साहू,ग्रायत्री साहू, यमनी साहू,कुमुदिनी साहू,किरण साहू,लोमश साहू, पतिराम साहू, पीलादाऊ साहू, हेमंत साहू शिक्षक,धनश्याम भानु राम साहू, शिव साहू ,कान्ति बाई साहू, मोहनी साहू,हेमलता साहू, कल्पना साहू, व ग्रामीण साहू समाज सेवक राज कुमार साहू एवं समस्त पदाधिकारी गण युवा प्रकोष्ट ,कर्मचारी प्रकोष्ट, व्यापारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, एवं समस्ता स्वजति माताओं भाईयों एवं युवा साथियों व प्यारे प्यारे बच्चे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

एक नजर

आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग एवं एसएलआरएम सेंटर प्रभारियों की बैठक

राजनांदगांव 19 मार्च। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक व सफाई दरोगा एवं एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुये कार्य करने के निर्देश दिये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य अमला प्रतिदिन सजकता से कार्य कर रहा है फिर भी स्वास्थ्य सेवाओ में सुधार की आवश्यकता होती है। इस लिये आप सभी मन लगाकर निधारित समय तक सफाई करना सुनिश्चित करे, नागरिको की शिकायतो का त्वरित निराकरण करे। उन्होंने कहा कि सभी स्वच्छता निरीक्षक अपने अपने क्षेत्र में प्रतिदिन मानिटरिंग करे, सडको गलियो के अलावा चौक चौराहो की नियमित सफाई कर कचरा उठाये। प्रतिदिन हाजरी रजिस्टर की जॉच करें, लंबे समय से अनुपस्थित सफाई कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करे।

आयुक्त ने की राजस्व की समीक्षा,डिमान्ड के विरुद्ध शतप्रतिशत वसूली के दिये निर्देश

राजनादगाव 19 मार्च। नगर निगम आयुक्त डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में पूर्व डिमाण्ड एवं वर्तमान डिमाण्ड के विरूद्ध राजस्व वसूली के निर्देश दिये, जिससे वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक सतप्रतिशत वसूली की जा सके। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बैठक में गत वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में मांग एवं वसूली की जानकारी लेते हुये कहा कि इस वर्ष दोनों में वृद्धि हुई है, लेकिन मांग की तुलना में वसूली नहीं हो पा रही है, वसूली में वृद्धि करते हुये माह अंत तक सत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह वसूली की समीक्षा की जा रही है, इसके बावजूद वसूली में अपेक्षाकृत वृद्धि नहीं हो पा रही है, कुछ वार्डो की वसूली अच्छी हो रही है किन्तु कुछ वार्डो की वसूली कम है जिसमें तेजी लावे। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि वे अपने अपने प्रभारित वार्ड के राजस्व उप निरीक्षकों से प्रतिदिन प्रातः डिमाण्ड की जानकारी लेवे एवं शाम को डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली की समीक्षा करे। साथ ही बडे बकायादारों के पास स्वयं जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। वसूली में लापरवाही पर संबंधित उप निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही करने राजस्व अधिकारी को अवगत कराये। उन्होंने राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि वसूली में किसी भी प्रकार की परेशानी या अन्य कोई परेशानी होने पर अपने सहायक राजस्व निरीक्षक को जानकारी देवे।

अवैध शराब विक्रेता के विरुध्द राजनांदगांव पुलिस ने की लगातार कार्रवाई

राजनांदगांव 19 मार्च। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के मार्गदर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के नेतृत्व मे शराब विक्रेताओं के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के दौरान दिनांक 18.03.2023 को म्युनिसिपल हनुमान मंदिर के पास राजनांदगांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली श्री भोला सिंह द्वारा टीम गठित कर रेड कार्यवाही कर आरोपी गोलु सिंह राजपुत उर्फ गणेश पिता गोपी सिंह राजपुत उम्र 31 साल साकिन कृष्णा टाकिज के पास वार्ड नं0 25 राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगांव को महावीर चौक के पास राजनांदगांव में अवैध रूप से रखे एक सफेद रंग की बोरी में 31 पौवा प्लेन शराब जुमला 5.580 लीटर कीमती 2480/- रू0 आरोपी के कब्जे से बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्व थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रंमाक 216/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्व कर आरोपी को गिर0 कर ज्यूडिशियल रिमांण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली श्री भोला सिंह राजपुत एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

होली मिलन समारोह सिर्री में 20 को

अंवरी 19 मार्च। प्रेस क्लब कुरुद के तत्वावधान में 20 मार्च सोमवार को ग्राम सिर्री के बाजार चौक में दोपहर 3 बजे से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन रखा गया है। इस संगीतमय कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण फाग गीतों में नंगाड़ो की थाप में आमंत्रित अतिथियों के साथ एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम , समरसता व भाईचारे का संदेश देंगे। इस अवसर पर नवरंग फाग मंडली नारी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता नीलम चन्द्राकर अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि कांति सोनवानी अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद ,तेजेन्द्र तोड़ेकर अध्यक्ष आम आदमी पार्टी जिला धमतरी ,भानु चन्द्राकर अध्यक्ष बोल बम सेवा समिति कुरूद, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, भरत नाहर उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी धमतरी, डीलन चन्द्राकर अध्यक्ष सरपंच संघ जिला धमतरी, थानेश्वर तारक महामंत्री किसान काँग्रेस छग. ,सुमन सन्तोष साहू, सभापति जिला पंचायत धमतरी,गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी , झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, डॉ. लोकेश साहू जन

रेड हॉट थाई हाई स्लिट कट ड्रेस में उर्वशी रौतेला का जलवा

उर्वशी रौतेला, जो बॉलीवुड की सबसे कम उम्र की सुपरस्टार हैं, और सबसे अधिक भुगतान पाने वाली एशियाई अभिनेत्री हैं, ने हमेशा अपने फैशन से दर्शकों को चकित किया है।अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अपने सोशल मीडिया को ग्लैम साइड पर हाई रखती हैं। दिवा अपने सिजलिंग फैशन दिखावे से प्रशंसकों को प्रभावित करने में कभी असफल नहीं होती। हाल ही में, उर्वशी ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ ड्रॉप-डेड खूबसूरत तस्वीरें अपलोड कीं, जिससे प्रशंसकों के होश उड़ गए। उर्वशी ने इरेना सोप्रानो द्वारा डिज़ाइन किए गए ब्रांड सोल एंजेलन द्वारा लाल जांघ-हाई स्लिट कट ड्रेस में खुद की कुछ धमाकेदार तस्वीरें साझा कीं।



अभिनेत्री द्वारा पहना गया पहनावा एक मैक्सी-लेंथ वेलवेट कोर्सेट ड्रेस था, जिसके नेकलाइन और साइड स्लिट पर क्रिस्टल-एम्बेलिश्ड जाली है। कंधे पर यह फुल-स्लीव बैलून पैटर्न ड्रामा अपने एक अलग की ड्रामा जोड़ रहा था। उर्वशी ने विंग्ड आईलाइनर, पर्याप्त मस्कारा, हाइलाइटेड चीकबोन्स और ग्लॉसी लिप टिंट के साथ अपने सामान्य ग्लैमरस मेकअप का विकल्प चुना, साइड पार्टिशन के साथ सॉफ्ट वेवी कर्ल में अपने बालों को खुला रखते हुए लुक में और ग्लैमर जोड़ा। एक्सेसरीज के लिए, उसने छोटे हीरे के झुमके और एक चौकोर हीरे की अंगूठी चुनी, जो उसके आउटफिट के साथ एकमात्र एक्सेसरी थी। अभिनेत्री ने ट्रांसपेरेंट पीप टो हील्स के सात अपना ऑल-रेड आउटफिट पूरा किया। उर्वशी द्वारा पहनी गई पूरी पोशाक की कीमत .1700 यानी 1,40,230.45 रुपये है और इसमें हीरे के गहने भी शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 5 लाख रुपये है, साथ ही उनकी क्रिश्चियन डायर हील्स की कीमत 47,000 रुपये है। जैसे ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा कीं, प्रशंसक उनकी शानदार सुंदरता के दीवाने हो गए, जिस पर एक प्रशंसक ने लिखा, ÷खूबसूरत चांद का टुकड़ा÷ जिस पर दूसरे ने लिखा, ÷आप अपने अंदर की रोशनी के कारण सुंदर हैं। आप सुंदर हैं क्योंकि आप कहते हैं कि आप हैं, और आप अपने आप को इस तरह रखते हैं।÷ और उसके पूरे टिप्पणी अनुभाग को दिल और आग इमोटिकॉन्स से भर दिया। काम के मोर्चे पर, उर्वशी को आखिरी बार मेगास्टार चिरंजीवी के साथ वाल्टेयर वेरैया के बॉस पार्टी गाने में देखा गया था, जो सबसे बड़ा पार्टी एंथम बन गया था। उर्वशी अगली बार राम पोथिनेनी के साथ दिखाई देंगी। वह इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा की को-स्टार भी बनेंगी। अभिनेत्री मिशेल मोरोन के साथ हॉलीवुड में भी शुरुआत करेंगी और जेसन डेरुलो के साथ एक आगामी ग्लोबल म्यूजिक सिंगल में नजर आएंगी।

मुझे अपने शुरुआती दिनों में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा

अभिनेत्री काशिका कपूर ने अपने पुराने स्ट्रगल वाले दिनों को याद करते हुए कहती है की कैसे उनकी आगमी फिल्म हो रही है उनके लिए लकी साबित हो रही है। काशिका कपूर बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस उभरते हुए सुपरस्टार ने बॉलीवुड स्क्रीन पर अपनी पहचान बनाने से पहले ही दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। अभिनेत्री बहुत भाग्यशाली रही है कि उसके सभी प्रशंसकों ने उसे हमेशा इतना प्यार दिया है। आइए हम आपको उन यादों की गलियों में ले चलते हैं जहां अभिनेत्री काशिका कपूर हमें अपने अभिनय करियर के शुरुआती दिनों में बात करते हुए ले जाती हैं और अब अपनी पहली फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास के साथ बॉलीवुड में एक बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए त्यार है। शुरुआत में, मैं एक तरह से अधिक काम करने वाला भी था क्योंकि मैं सब कुछ हासिल करना चाहती थी, अच्छी भूमिकाएँ, किसी भी भूमिका में सफलता लाना और अभी सभी प्रसंशको से प्यार प्राप्त करना ही मेरा लक्ष था। मैंने सब कुछ करना शुरू कर दिया, लेकिन बाद में जब मैंने एक के बाद एक संगीत वीडियो करना शुरू किया और फिर मैंने अपना ह्ह्ञ्ज डेब्यू वूट द वाइब हंटर्स के साथ किया और फिर अपने दर्शकों से इतना प्यार मिला, मुझे एहसास हुआ कि यह हमेशा सब कुछ के बारे में नहीं है जो आप चाहते हैं लेकिन यह इस बारे में है कि आप कैसे चाहते हैं और आप इसे कैसे प्रदर्शित करना चाहते हैं। आखिरकार, बाद में वह सब हासिल करने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि मेरी ड्राइव बदल गई थी। काशिका ने आगे कहा, ÷सफ़र मेरे लिए बहुत आसान नहीं था और अब भी नहीं है, लेकिन यह मेरे दिमाग में एक सहज प्रक्रिया थी क्योंकि मैंने फैसला किया कि मुझे इस उद्योग में जाना है, मुझे बहुत कुछ झेलन कठिनाइयों से गुज़ारना पड़ा लेकिन अगर मैं पीछे मुड़कर देखती हूं कि यह सब कहां से शुरू हुआ था, जहां मैं अब तक पहुंचा हूं, तो मैं उसके लिए आभारी हूं।

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला हुई दीपिका पादुकोण के लिए परेशान

उर्वशी रौतेला, जो बॉलीवुड की सबसे कम उम्र की सुपरस्टार और सबसे अधिक भुगतान पाने वाली एशियाई अभिनेत्री हैं, ने हमेशा अपनी शानदार सुंदरता और प्रदर्शन से दर्शकों को चकित किया है। उर्वशी, जो बॉलीवुड डीवा दीपिका पादुकोण की बहुत अच्छी दोस्त हैं, अक्सर इवेंट्स में एक साथ देखी जाती हैं या तोह दोंनो जब एक दूसरे को बहुत समय

के बाद फ्लाइट में मिलते है तो प्यार जताते देखा जाता है, यह बॉलीवुड की दोंनो अभिनेत्री एक अच्छा बॉन्ड एक दूसरे के सात साझा करती है। हाल ही में, दीपिका पादुकोण ने 95 वें ऑस्कर के लिए तैयार होने के मेकअप फोटोशूट से लेके अपनी त्वचा की तैयारी से, एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया पर साझा किया, जहां दिवा ने ऑस्कर में उपस्थित होकर पूरे देश को गौरवान्वित किया। दीपिका ने अपना स्किनकेयर प्रेप वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया, लेकिन एक बात जो उर्वशी को चिंतित कर रही थी, वह थी दीपिका का बाथरूम के सिंक में अपना चेहरा डुबाना, जो बर्फ से भरा हुआ था। जैसा कि दीपिका ने अपना मेकअप शुरू करने से पहले अपनी त्वचा को तैयार करने के लिए बर्फ से भरे बेसिन में अपना चेहरा डुबोया, इससे उर्वशी थोड़ा चिंतित हो गई कि दीपिका ने अपने कीमती चेहरे को बाथरूम के बेसिन में डुबो दिया, जिसके लिए उर्वशी ने दीपिका के वीडियो के नीचे कमेंट करते हुए कहा ÷कृपया अपना कीमती चेहरा को उस सिंक में न डालें। उर्वशी जो खुद अपने शानदार लुक के लिए जानी जाती हैं, वे अभिनेत्री दीपिका को लेके चिंतित हो गईं और उन्होंने अपना निवास व्यक्त किया, जो हमें लगता है कि दीपिका को यह बताने के लिए है कि उर्वशी उन्हें कितना प्यार करती है और उनकी उपलब्धियों पर गर्व करती है और उन्हें अनमोल इस देश का एक अनमोल हीरा मानती है।

सुभाष घई ने ऑस्कर जीतने पर दी बधाई

व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के पूर्व छात्र आनंद बंसल की डॉक्यूमेंट्री 'एलिफेंट व्हिस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में भारत के पहले ऑस्कर से सम्मानित किया गया है। इसके द्वारा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई की शानदार उपलब्धियों में नई उपलब्धि जुड़ गयी है । प्रतिष्ठित निर्देशक सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर सिनेमैटोग्राफी में अपने फिल्म स्कूल के पूर्व छात्र आनंद बंसल की सराहना की और साथ ही ऑस्कर में भारत की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। उन्होंने लिखा, ÷व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के हमारे पूर्व छात्र आनंद बंसल ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। उनकी डॉक्यूमेंट्री #ELEPHANT WHISPERS के लिए #OSCAR AWARD जीतने की खुशी में और फिल्म की सिनेमैटोग्राफी में उनके योगदान के लिए मेरी तरफ से हार्दिक बधाई। यह आशीर्वाद आप पर बना रहे और आप नए मुकाम हासिल करते रहें।÷ सुभाष घई ने पूरे देश को सम्मानित करने के लिए एलिफेंट व्हिस्पर्स के प्रोड्यूसर्स, डायरेक्टर और पूरी टीम को बधाई देने के साथ ही अपने एक अन्य पूर्व छात्र एकेश्वर चौधरी को भी बधाई दी।

कलाकारों ने अपने दर्शकों को दी गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएं

गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्री में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है, जिसमें लोग अपने घरों में खूबसूरत गुड़ी बनाते हैं और फिर उनकी पूजा करते हैं। कहा जाता है कि गुड़ी से सारी नकारात्म क ऊर्जा दूर हो जाती है और हमारे जीवन में धन का आगमन होता है। इस शुभ अवसर पर सोनी सब के कलाकार अपने दर्शकों को गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएँ दे रहे हैं।

सुमीत राघवन ऊर्फ सोनी सब के शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से ' के राजेश वागले ¬ ''गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्री य समुदाय के लिये एक शुभ अवसर है। यह नये साल की शुरूआत का प्रतीक है और घर तथा परिवार में समृद्धि लेकर आता है। हर साल मेरा परिवार और मैं एक गुड़ी बनाते हैं और सौभाग्य एवं आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करते हैं। मुझे आळू वड़ी खाना पसंद है और वह ऐसी चीज है जिसे पर मेरे घर में सभी टूट पड़ते हैं। हम एक-दूसरे के साथ बैठते हैं, बातचीत करते हैं और नई शुरूआत का मजा लेते हैं। हमें 'वागले की दुनिया' के सेट पर भी गुड़ी पाड़वा मनाना पसंद है, क्यों कि यह शो एकजुटता और परिवार पर आधारित है। यह सेट पर सचमुच एक खुशनुमा वक्तु होता है।''

चिन्मयी सालवी ऊर्फ सोनी सब के 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्सौं' की सखी वागले :''गुड़ी पाड़वा के लिये श्रीखण्ड पूरी मेरा चहेता

पकवान है। हमारे दिन की शुरूआत गुड़ी को सजाने और शुद्धीकरण के लिये नीम की पत्तियों से नहलाने से होती है। मैं अपने कॉलेज के दिनों में नावारी साड़ी पहनकर मुंबई में होने वाली परेडों में जाया करती थी। कत्थक करना, खाने-पीने की बेहतरीन चीजों का मजा लेना और परिवार के साथ नये साल की शुरूआत करना मेरी सबसे प्यासरी यादें है। दर्शकों को गुड़ी पाड़वा की ढेर सारी शुभकामनाएं।''

भारती अचरेकर ऊर्फ सोनी सब के 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से ' की राधिका वागले :- ''हिन्दुं पंचांग में गुड़ी पाड़वा से नये साल की शुरूआत होती है। इस दिन से जुड़ी मेरे पुराने दिनों की कई प्या री यादें हैं; चाहे पहली बार नौवारी साड़ी पहनना हो या अपनी माँ के हाथों से बनी पूरन पोली का इंतजार करना। हमारे दिन की शुरूआत कडुलिंब की पत्तियों की चटनी से होती है, जो कड़वी होती है, लेकिन सेहत के लिये बेहतरीन है। इससे सुनिश्चित होता है कि आप अच्छी सेहत के साथ नये साल

की शुरूआत करें। गुड़ी मराठी में विजय का ध्वसज होता है और मैं इसे पिछले साल की कठिनाइयों पर जीत और आने वाले साल के स्वारगत के रूप में देखती हूँ।''

दीपाली पानसरे, सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉससिबल' की वसुंधरा :''गुड़ी पाड़वा नई शुरूआत, नई उम्मी?दों और नई आकांक्षाओं का उत्सगव है। 'पुष्पाप इम्पॉ सिबल' की वसुंधरा के रूप में यह बताते हुए मैं रोमांचित हूँ कि मेरे दिल में इस त्यौहार की एक खास जगह है। मुझे पारंपरिक महाराष्ट्रीबय साड़ी और नथ पहनना और गुड़ी बनाना पसंद है। यह एक खुशनुमा मौका होता है, जब हर कोई साथ आकर उत्स?व मनाता है। मेरे लिये गुड़ी पाड़वा मुँह में पानी लाने वाली पूरन पोली के बिना अधूरा है, जिसे हम प्रसाद के तौर पर बनाते हैं। यह साल ज्यायदा खास है, क्योंकि मेरे ससुराल वाले हमारे साथ पहली बार यह त्यौसहार मनाएंगे। यह त्यौ हार बुराई पर अच्छादई की जीत का प्रतीक है और अपने प्रियजनों के साथ वक्तय बिताने से त्यौहार का उत्सापह बढ़ जाता है। सभी को गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएँ।''

अभिनेत्री अपर्णा नायर के बारे में जाने

दुबई की अभिनेत्री अपर्णा नायर, जो हाल ही में यो यो हनी सिंह और होमी दिल्लीवाला के ब्लॉकबस्टर गीत ÷कन्ना विच वालियान÷ में दिखाई दी, ने सभी सही कारणों से हमारा ध्यान खींचा रही है, लेकिन उनके बारे में कई बातें हैं जो सभी को नहीं पता होगी और आज हम उनके सभी चाहने वालो के लिए लेके आये है अभिनेत्री की 10 ऐसी बाते जो आपको उनपर और भी दीवाना कर देगा। अपने शानदार लुक्स और बेहतरीन फैशन गेम के लिए जानी जाने वाली, यहां अभिनेत्री के बारे में कुछ सबसे दिलचस्प और अज्ञात तथ्य। **बचपन**-अपर्णा का जन्म रास अल खैमाह नामक एक छोटे से मध्य पूर्वी शहर में हुआ था, जो संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है। 17 साल की उम्र में अपनी विश्वविद्यालय की डिग्री हासिल करने के लिए दुबई जाने से पहले, वह अपने शहर के एक भारतीय हाई स्कूल में गई। **पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट**-अपर्णा हमेशा एक अकादमिक छात्रा थी, पूरे मिडिल और हाई स्कूल में अच्छा स्कोर करती थी। उसने 94.6त्न कुल स्कोर के साथ हाई स्कूल से स्नातक होने पर रास अल खैमाह में पहली रैंक हासिल की। उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटिंग की पढ़ाई की जिसे अभिनेत्री ने सफलतापूर्वक पूरा किया। **खेल पृष्ठभूमि**-4 साल की छोटी उम्र में, अपर्णा के माता-पिता ने उसे कराटे क्लास के लिए साइन अप किया, जिसमें वह लगभग एक दशक तक रही, जिसके अंत तक वह एक ब्राउन बेल्ट तक पहुंच गई थी। खेल के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें अपने स्कूल की क्रिकेट टीम में कप्तान का स्थान और युगल बैडमिंटन में चैंपियनशिप दिलाई। वह किशोरावस्था में अपने खाली समय में हॉर्स राइडिंग भी करती थीं। 20 के दशक की शुरुआत में, शारीरिक मुकाबले के लिए उसका प्यार वापस आ गया था, लेकिन इस बार बॉक्सिंग के रूप में। मॉडल ने अपने इंस्टाग्राम फीड पर अपनी ट्रेनिंग रूटीन के बारे में पोस्ट की हैं।

नंदिता दास ने बताया कि कैसे कपिल शर्मा ने 'ज़्विगैटो' के लिए इतनी अच्छी तरह अपनाया झारखंड का लहजा

मुंबई :- इस शनिवार, द कपिल शर्मा शो में हंसी की डिलीवरी के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि होस्ट कपिल शर्मा अपनी फिल्म 'ज़्विगैटो' को प्रमोट करने खास मेहमान के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म की

निर्देशक, समीक्षकों द्वारा सराही गई नंदिता दास और को-एक्टर शहाना गोस्वामी भी शामिल होंगी। हंसी के हंगामे को दोगुना करते हुए, राजीव ठाकुर एक सेगमेंट के लिए होस्ट की जगह दिखाई देंगे और अपने दोस्त और को-एक्टर कपिल शर्मा से सवाल करेंगे। ज़्विगैटो को इसकी सादगी और मौलिकता के कारण दुनिया भर में अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में बहुत पसंद किया गया है। इस फिल्म के लिए झारखंड का लहजा सीखने के लिए कपिल शर्मा अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर आए और लिखे गए किरदार के साथ न्याय किया। इस बारे में बात करते हुए नंदिता दास ने कहा, ÷फिल्म में कपिल एक नए अवतार में नजर आएंगे, जो अपने सामान्य पंजाबी लहजे की तुलना में झारखंड के लहजे में बोलेंगे। मैं शुरू में उनके झारखंड के लहजे को लेकर चिंतित थी। मैंने उन्हें उनके लहजे को पंजाबी में बदलने का विकल्प भी दिया था, अगर उन्हें मेरे द्वारा चुने गए लहजे में ठीक से डायलॉग बोलने में दिक्कत हो तो। उन्होंने तुरंत उस प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया, कि वो केवल तय किए गए लहजे में ही डायलॉग बोलेंगे। वो डायलॉग डिलीवरी के मूल रूप में उसका महत्व जानते थे और बड़ी खूबसूरती से झारखंड के लहजे को अपनाकर अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकल आए। इसके अलावा अर्चना ने कपिल की तारीफ करते हुए कहा, ÷कपिल को सलाम। वो कई वर्षों से इस कॉमेडी शो के होस्ट और कॉमिक एक्टर हैं, लेकिन फिल्म में वो जो किरदार निभा रहे हैं, वो बहुत अलग है। उनके लिए, यह एक पूरी तरह से अलग दुनिया है, जिसे उन्होंने बड़े स्वाभाविक ढंग और खूबसूरती से निभाया है। मुझे वाकई उन पर गर्व है।

कलाकारों का कविताओं से प्यार

कविताओं के माध्यम से भाषा की विविधता को दर्शाने के लिये हर साल 21 मार्च को वर्ल्ड पोएट्री डे (विश्व काव्य दिवस) मनाया जाता है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों ने कविताओं को लेकर अपना प्यार जताया और साथ ही यह भी बताया कि उन्हें लिखने की प्रेरणा कहां से मिलती है। इन कलाकारों में शामिल हैं- 'दूसरी मां' के मोहित डागा (अशोक), 'हप्पू की उलटन पलटन' की हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा) और 'भाबीजी घर पर हैं' के रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी)। अशोक का किरदार निभा रहे मोहित डागा ने कहा, ''मुझे हिन्दी साहित्य हमेशा से ही पसंद रहा है। शरद जोशी, हरिशंकर परसाई और प्रेमचंद की कवितायें मुझे प्रेरित करती हैं और इनसे मुझे जिंदगी को नये नजरिये से देखने में मदद मिलती है। वास्तव में कवितायें एक बहुत अच्छी आदत हैं, जिन्हें कोई भी अपना सकता है। बचपन से ही मैं एक किताबी कीड़ा था और अपने पसंदीदा कवियों की कविताओं में इस कदर खोया रहता था कि दूसरे विषयों पर कभी भी मैंने अच्छे से ध्यान ही नहीं दिया (हंसते हैं)। किसी भी दूसरे प्रकार का साहित्य उन अहसासों एवं भावनाओं को नहीं जगा सकता, जो कविताओं से उत्पन्न होता है। कविताओं की एक दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि यह मेरे अंदर शांति का भाव जगाती हैं और मुझे सुकून देती हैं। हालांकि, आज की पीढ़ी पुराने जमाने की इन कविताओं का उतना आनंद नहीं उठा सकती है, जितना हमें आता था, लेकिन फिर भी मैं लोगों खासकर युवाओं से आग्रह करना चाहूंगा कि वे अपने व्यस्त जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर इन कविताओं को पढ़ें या सुनें।'' हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा ने कहा, ''कवितायें हमेशा से ही मेरी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। सफर के दौरान मैं पोएट्री पॉडकास्ट को सुनना सबसे ज्यादा पसंद करती हूं। मुझे कवितायें पढ़ना और सुनना दोनों ही अच्छा लगता है। विलियम वर्ड्सवॉर्थ की 'डैफोडिल्स',रॉबर्ट फ्रॉस्ट की 'माइल्स टू गो बिफोर आई स्लीप', रविन्द्रनाथ टैगोर की 'द चाइल्ड' और ऐसी ही कई कवितायें मेरी पसंदीदा कविताओं में शामिल हैं। अपने हाई स्कूल और कॉलेज के दिनों में, मैं साहित्य के क्षेत्र में कुछ कर गुजरना चाहती थी और कवि सम्मेलनों में भाग लिया करती थी। साहित्य के उन महत्वाकांक्षी और उभरते सितारों से मिलकर और उनके जैसा बनने की चाहत से मुझे प्रेरणा मिलती थी। थिएटर से मेरे जुड़ने की एक प्रमुख वजह कविताओं और साहित्य से मेरा प्यार भी है। अपने खाली वक्त में, मैं एक कलम उठाती हूं और कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को लिखने की कोशिश करती हूं। मैंने प्रकृति, महिलाओं, अकेलेपन और सामाजिक मुद्दों के बारे में काफी कुछ लिखा है। आज आनंददायक मीडिया के बढ़ते दायरे के साथ, मुझे लगता है कि कवियों के पास शब्दों के अपने खूबसूरत खजाने को दुनिया के साथ साझा करने के लिये एक स्पेस है और मैं भी ऐसा करने का प्रयास करती रहती हूं। कवितायें मुझे कल्पनाओं के आसमान में उड़ान भरने और कुछ समय के लिये वास्तविकता से दूर होने के लिये पंख देती हैं। इससे मुझे आत्मिक और मानसिक सूकून मिलता है। मुझे प्रकृति के साथ रहना अच्छा लगता है और इसकी खूबसूरती को शब्दों में पिरोने में मुझे आनंद मिलता है।

ट्विस्ट का तड़का!

एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस हफ्ते दर्शकों को कुछ रोमांचक मोड़ देखने को मिलेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये कृष्णा ने कहा, ÷यह जानने के बाद कि कामिनी (प्रीति सहाय) को बंसल ने पीटा और छोड़ दिया है, यशोदा अपने परिवार वालों से उसे अपने घर लाने के लिये कहती है। इस बीच, दादाजी (सुनील दत्त) कृष्णा को घर से बाहर निकालने के लिये कानून का सहारा लेने का फैसला करते हैं। वह आस्था और नूपुर को कमरे में बंद कर देते हैं और यशोदा पर इल्जाम लगाते हुये कहते हैं कि वह उनकी देखभाल करने में सक्षम नहीं है। कृष्णा ताला तोड़कर उसकी मदद करने का फैसला करता है। दादाजी पड़ोसियों को यह सब देखने के लिये बुलाते हैं, पुलिस को कॉल करते हैं और कृष्णा पर उनके घर में तोड़-फोड़ करने का आरोप लगाते

हैं, जिससे हर कोई हैरान रह जाता है।÷ एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बात करते हुये कटोरी अम्मा ने कहा, ''जब मास्टर जी द्वारा ऋतिक (आर्यन प्रजापति) को उसकी बहादुरी के लिये सराहा जाता है, तो राजेश (कामना पाठक) कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) का मजाक उड़ाती है। इससे कटोरी अम्मा गुस्सा हो जाती हैं और हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को अपनी बहादुरी साबित करने के लिये कहती हैं। अपनी बहादुरी साबित करने के लिये वह मनोहर की सलाह पर एक चरवाहे को गिरफ्तार करने जाता है, लेकिन वह चरवाहा उसे बुरी तरह पीट देता है और हप्पू की इस कायरता के बारे में उसके परिवार वालों को मनोहर द्वारा पता चलता है। इसके बाद, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) उसे अपनी बहादुरी की एक नकली कहानी बनाने का आइडिया देता है। कमिश्नर (किशोर भानुशाली) हप्पू की इस कहानी से प्रभावित होता है और उसे क्रिमिनल पांडे सुल्तान को गिरफ्तार करने का आदेश देता है, जिसे सुनकर हप्पू डर जाता है।÷ एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अंगूरी भाबी ने कहा, ÷डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) और विभूति (आसिफ शेख) जमीन पर फिसल जाते हैं और उन्हें पता चलता है कि जमीन से तेल निकल रहा है। वे इस बारे में अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को बताते हैं और बेहद उत्साहित होकर उसे ब्लैक मार्केट में बेचने का प्लान बनाते हैं। वे इस काम को वेश बदलकर अंजाम देने का फैसला करते हैं। तिवारी (रोहिताश्व गौड़) उनके घर में ताला लगा हुआ देखता है और यह जानकर बेहोश हो जाता है कि वे हमेशा के लिये मॉडर्न कॉलोनी छोड़कर चले गये हैं। बाद में सक्सेना (सानंद वर्मा) सभी को बताता है कि एक नई फैमिली उस घर में रहने के लिये आई है। जब वे उनसे मिलने जाते हैं, तो वे अपना परिचय शेख चिल्ली परिवार के रूप में देते हैं।

'बालवीर' ने ज्यादा एक्शन और रोमांच के साथ की वापसी

सोनी सब एक बार फिर प्रशंसकों की पसंदीदा फ्रैंचाइज़ी 'बालवीर' को लेकर आ रहा है। अब ढेर सारे रोमांच से भरपूर रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाइए। एक खोई हुई पहचान, अटूट दृढ़ संकल्पब और अपने प्रियजनोंकी रक्षा करने की वचनबद्धता के साथ दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे भारत का सबसे चहेता सुपरहीरो घोर पतन से विजयी बनकर उभरता है! देव जोशी एकदम नए सीजन में फिर यह आइकॉनिक किरदार निभाने के लिए वापसी कर रहे हैं। इस बार शो में पहले से कहीं ज्या दा ऐक्श न एवं ड्रामा होगा। इस शो में देव जोशी के अपोजिटअदिति सनवाल भी मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी। पारिवारिकमनोरंजन को ध्यान में रखते हुए जोसभी आयु के लोगोंको पसंद आए, सोनी सब प्रशंसकों की पसंदीदा सीरीज को दोबारा लानेके लिए उत्सा हित है। शानदारविजुअल इफेक्ट्स और धमाकेदार स्टंट्स के साथ,'बालवीर' का यह नया संस्करण अपनीदिलचस्पकहानी, मनमोहकसेट्सऔरउम्दाए अभिनयसेअपनेदर्शकोंकोरोमांचित करेगा।

'भाबीजी घर पर हैं' की आठवीं सालगिरह का जश्न

एण्डटीवी के कल्ट-कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' के लिये यह दोगुने जश्न का अवसर है। इस शो ने 8 बेमिसाल साल और 2000 एपिसोड्स का उल्लेखनीय सफर पूरा किया है और यह हास्य एवं आनंद का एक अद्भुत सफर रहा है। यह कल्ट-कॉमेडी शो अपने मजेदार किरदारों एवं कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और ये दो उपलब्धियां इस शो की बेइंतहां लोकप्रियता को साबित करती हैं। शो की कामयाबी पर एडिट।। प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ''यह हम सभी के लिये एक गौरवान्वित करने वाला पल है, क्योंकि हमने आठ सफल वर्षों को पूरा करने और 2000 से ज्यादा एपिसोड्स प्रसारित करने की उपलब्धि हासिल की है। यह सफर बेहद संतोषजनक और आनंददायक रहा है। इस शो ने लाखों दर्शकों का दिल जीता है और टेलीविजन पर एक कल्ट-कॉमेडी शो का दर्जा हासिल किया है। यूं तो अपने बेमिसाल कॉमेडी कंटेंट के जरिये सभी की जिंदगी में मुस्कुराहट और आनंद भरने वाले शो के लिये, हर दिन एक सेलीब्रेशन है। लेकिन इस तरह के पल बेहद खास होते हैं, क्योंकि ये हमें बताते हैं कि हम अपने दर्शकों का मनोरंजन करते हुये एकदम सही चीजें कर रहे हैं। यह मस्ती एवं हास्य से भरा एक सफर रहा है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं और इस कामयाबी का श्रेय एडिट।। प्रोडक्शन्स एवं एण्डटीवी के सभी कलाकारों एवं तकनीशियनों को देना चाहूंगा। मेरी तरफ से सभी लोगों को उनकी कड़ी मेहनत और कामयाबी के लिये ढेरों शुभकामनायें। मैं अपने दर्शकों का भी शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, जिन्होंने हमें इतना प्यार एवं सपोर्ट दिया और हमें सराहा।'' ासिफ शेख ऊर्फ विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ''2000 एपिसोड्स और आठ लंबे सालों का सफर हम सभी के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। ढेर सारी सीखों, हास्य एवं आनंद से भरपूर इस अद्भुत सफर को देखकर हमें बेहद खुशी एवं गर्व हो रहा है। मुझे खुशी है कि मैं इस अद्भुत टीम का हिस्सा हूं और मैं प्रोड्यूसर्स एवं चैनल का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस शो में काम करने और विभूति नारायण मिश्रा के रूप में दर्शकों का मनोरंजन करने का यह अवसर दिया।

जब अंगूरी भाबी ने अपना पहला शॉट दिया, तब कैमरे का लेंस ही टूट गया?

एण्डटीवी के कल्ट- कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने हाल ही में आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे किये हैं। इस मौके पर हमने शो की बेहद लोकप्रिय अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे से इस शो के साथ और इंडस्ट्री में उनके बेहतरीन सफर पर बात की है। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

आठ साल पूरे होने की उपलब्धि पर बधाई!

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह हम सभी के लिये एक खास पल है। मैं चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स संजय कोहली और बिनाइफर कोहली की आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे यह मौका दिया। इस शो को इतना सफल बनाने में मेरे प्यारे दर्शकों और प्रशंसकों ने लगातार जो प्यार और समर्थन दिया है, उस पर उनको बधाई। मुझे लग ही नहीं रहा है कि इतने साल हो गये! इस शो के द्वारा दर्शकों को लगातार मनोरंजन देते देखना बेहतरीन है। इस शो ने मुझे पहचान, प्यार, प्रसिद्धि और यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मुझे 'भाबीजी घर पर हैं' की टीम का हिस्सा होने पर बड़ी खुशकिस्मती और गर्व का एहसास होता है। टीम के विशुद्ध समर्पण और कड़ी मेहनत का फल मिला है।

क्या आपको यह सफर इतना लंबा रहने की उम्मीद थी?

बिलकुल। अंगूरी भाबी के तौर पर मेरा सफर एक अलग मुकाम से शुरू हुआ था। यह किरदार पहले से दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय था। और पहले से स्थापित किरदार अदा करना चुनौती के साथ फायदे वाला भी है। मेरे मन में तरह-तरह की भावनाएं थीं। ऐसे शो का हिस्सा बनना रोमांचक था, जिसे दर्शक पसंद करते हैं और साथी कलाकार भी बेहतरीन थे, लेकिन इसके साथ ही मुझे दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना था। हालांकि मुझे अंगूरी भाबी के किरदार को ऊँचा उठाने और उसे सबसे मशहूर, प्यार पाने वाला और यादगार किरदार बनाने का पूरा यकीन था। और मुझे खुशी है कि दर्शकों ने खुली बाहों से मुझे अपनाया। दर्शकों के प्यार और लगाव ने मुझे यकीन द

एक नजर

तिमेनार की जंगल से 2 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 17/03/2023 को थाना मिरतुर, छसबल कैम्प बेचापाल 15/श्व, एटेपाल 9/ष्ट, एवं कैम्प तिमेनार 19/ष्ठ की संयुक्त पार्टी तिमेनार, हुर्रेपाल की ओर निकली थी। आरोपियों के नाम मोटू ऊर्फ गुडडू (मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमाण्डर)पिता स्व सुक्को उम्र 25 वर्ष निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर। मड्डा माड़वी (जनताना सरकार अध्यक्ष)पिता बुधराम माड़वी जाति मुरिया उम्र 46 वर्ष निवासी कुड़मेर थाना मिरतुर जिला बीजापुर मोटू ऊर्फ गुडडू थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 13-06-2015 केरिपु केम्प पातरपारा में गार्ड डयूटी पर तैनात जवान पर अवैध हथियार से फायरिंग करने की घटना में शामिल था। मड्डा माड़वी थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत 12 जनवरी 2022 को जप्पेमरका के 02 ग्रामीण के साथ मारपीट करने एवं लूट की घटना, 19 दिसम्बर 2021 को ग्राम बेचापाल के ग्रामीण के साथ मारपीट एवं लूट की घटना में शामिल था। उपरोक्त के विरूद्ध थाना मिरतुर द्वारा वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

कन्या शिक्षा परिसर में 6वीं की प्रवेश चयन परीक्षा का आया रिजल्ट

बीजापुर, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कन्या शिक्षा परिषर बीजापुर में शिक्षा-सत्र 2023-24 कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 16 फरवरी को जिला स्तरीय चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका चयन सूची 14 मार्च को जारी किया गया। कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6वीं के लिए मात्र 35 सीट स्वीकृत है। जिसमें बसे उसूर विकास खण्ड उसूर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कन्या आश्रम आवापल्ली से 8, कन्या आश्रम इलमिडी से 7 एवं प्रा.श. प्रीत विहार कालोनी से 6 छात्राओं का चयन हुआ है। इस प्रकार देखा जाए तो विकास खण्ड उसूर सेव कुल 21 छात्राओं का चयन हुआ है। सोनपरी, अर्पिता पुनेम, तुलसी, कुमारी किरण, 5. कुमारी कृति अवलम, 6. कुमारी अर्चना, कल्पना, प्रियंका पोडियाम, सुनिता, संदीपा, शशि, अनिता, दीक्षा, अशिका, गीता, हरिता, आरती, अंकिता, चांदनी, ज्योति, सुमन, भारती, मनीषा, मिताली, गीतसुधा, नताशा, नित्या, अश्वनी, लक्ष्मी, नताशा, सोनम, मल्लेश्वरी, अनिता, योगिता, प्रियांशिका

कौशल विकास से जिले के 522 युवाओं को मिला रोजगार

उत्तर बस्तर-कांकेर 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। अब तक जिले के 2506 हितग्राहियों का पंजीयन किया जा कर 645 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 522 युवाओं को रोजगार प्रदाय किया जा चुका है। फोर व्हीलर टेक्निशियन कोर्स में 08, इलेक्ट्रिशियन कोर्स में 73, हाउसकीपिंग कोर्स में 59, ब्यूटीशियन कोर्स में 15, वेल्डिंग कोर्स में 22, ड्राइवर फॉलसिलिंग कोर्स में 11, प्लंबिंग कोर्स में 15, फूड एंड बेवरेज कोर्स में 38, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स में 25, सुरक्षा गार्ड कोर्स में 96, टू-व्हीलर टेक्निशियन कोर्स में 02, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में 49, कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर-4 कोर्स में 46, लोडर ऑपरेटर कोर्स में 19, रिटेल सेल्स कोर्स में 38 एवं सिलाई कोर्स में 06 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है। ग्राम करप में 19 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कर कमलों से 15 युवाओं को निजी कंपनी में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा, इनमें रिटेल कोर्स के 13 एवं सुरक्षा गाई के 02 युवा शामिल है।

स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

मरम्मत के सभी कार्य स्वीकृत कर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पहले पूर्ण कराएं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर-कांकेर, 19 मार्च। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत डीपीआई एवं समग्र शिक्षा से संचालित हो रहे निर्माण एवं मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्यों हेतु स्वीकृत राशि जारी करने के पूर्व मरम्मत योग्य शालाओं के भौतिक सत्यापन कर वास्तविक मरम्मत योग्य शालाओं की सूची बनाने तथा पूर्व निर्माण या मरम्मत वर्ष दर्शाते हुए फोटोग्राफ निर्धारित प्रारूप में एक सप्ताह के भीतर बीईओ को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने निर्देशित करते हुए कहा कि मरम्मत के सभी कार्य स्वीकृत कर नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पहले कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ल ने डिस्मेंटल योग्य विद्यालय भवनों की पृथक से सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। आरईएस एवं लोक निर्माण विभाग के माध्यम से डिस्मेंटल योग्य भवनों के डिस्मेंटल की कार्यवाही एवं अनुमानित व्यय के लिए प्राक्कलन तैयार कराये जाने हेतु जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल को पत्र जारी करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने ऐसे विद्यालय जिसका स्वयं का भवन नहीं है अर्थात जो अतिरिक्त कक्षों में संचालित किया जा रहा है, उनका औचित्य पूर्ण अतिरिक्त कक्षों की मांग करने तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने समीक्षा बैठक में प्रत्येक विकासखंड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेडा और नरहरपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारियों से निर्माण कार्यों की जानकारी लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक आर.पी मिरे सहित सभी नोडल अधिकारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति के लिए 126 बच्चों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर-कांकेर, 19 मार्च। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में कांकेर जिले में हमर लक्ष्य अभियान चलाया गया, जिसका अच्छा परिणाम सामने आया है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के तहत राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई में जिले के इतिहास में अब तक सर्वाधिक 126 बच्चे चयनित हुए हैं। चारामा विकासखंड के 100 विद्यार्थी, नरहरपुर से 12 व अन्य विकासखंड से 14 विद्यार्थियों का चयन होने पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा चारामा विकासखंड के खण्ड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे एवं केशव साहू की प्रशंसा की गई। चारामा विकासखण्ड के विद्यार्थियों की सफलता को देखते हुए उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को परीक्षा उपयोगी पाठ्यक्रम कर अध्ययन कराने के निर्देश दिये, ताकि बच्चे परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सके।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ल द्वारा जेईई के तहत प्रथम चरण में 71 बच्चों का गत वर्ष के कट ऑफ मार्क्स आधार पर चयन संभावित होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया तथा जेईई द्वितीय सेशन एवं एनडीए में फॉर्म भराये गये विद्यार्थियों के परीक्षा में उपस्थिति व परीक्षा की तैयारी हेतु बनाये गये कार्ययोजना की समीक्षा की गई। नीट परीक्षा में अधिक से अधिक आदिवासी विद्यार्थियों को शामिल होने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने नीट परीक्षा की तैयारी के लिए वर्चुअल कक्षाओं का संचालन, नोडल शिक्षक की नियुक्ति तथा बोर्ड परीक्षा उपरांत वर्चुअल कक्षाएं प्रारंभ करने तथा आईसीटी योजना के तहत कम्प्यूटर एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये।

आबकारी विभाग ने चांदन में पकड़ी महुआ शराब की फैक्ट्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 19 मार्च। जिले के सहायक आबकारी आयुक्त विकास गोस्वामी एवं कलेक्टर रजत कुमार बंसल ने जनसंवाद में प्रकाशित खबर के बाद कड़े निर्देश देते हुए कार्यवाही करने की बात कही और आबकारी विभाग के अधिकारियों उप निरीक्षक विपिन पाठक जैलेश सिंह सुकांत पाण्डेय सहित उनकी टीम ने कसडोल विकासखंड के ग्राम चांदन में छापामार कार्यवाही करते हुए बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी और डेढ़ सौ लीटर महुआ शराब जप्त की। साथ ही 31 नग प्लास्टिक के 50 लीटर और 100 लीटर वाले ड्रम जोकि महुआ शराब बनाने के लिए प्रयोग होते थे, 10 नग एलुमिनियम के 50 लीटर कैपेसिटी वाले बांगा, एक गैस भट्टी एवं अन्य सहायक सामग्री सहित 8 बोरा महुआ डेढ़ सौ लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त करने की बड़ी कार्यवाही की। यह गोरखधंधा काफी लंबे समय से चल रहा था। बताया जाता है कि आरोपी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी बांध रखा था और पैसों की सेटिंग कर रखी थी। इसलिए उसके ऊपर कार्यवाही नहीं की जा रही थी। यदि सूत्रों की मानें तो वह राजादेवरी पुलिस थाने में भी हर महीने मोटी रकम पहुंचाता था। जिसे जनसंवाद में 2 दिन पूर्व ही प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसके बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने कार्यवाही को अंजाम दिया। अभी भी ऐसी कई फैक्ट्रियां और संचालित हैं जिन्हें पकड़ना शेष है। मामले में आरोपी को सामग्री सहित हिरासत में लिया गया।

कार्यशाला में लघु वनोपज संग्रहणकर्ताओं को आजीविका संवर्धन की दी जानकारी

बीजापुर 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तेंदू हॉल बीजापुर में लघु वनोपज संग्रहण कर्ताओं के आजीविका संवर्धन अंतर्गत विभिन्न विभागों के साथ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 17 मार्च को किया गया। कार्यशाला में फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्युरिटी स्न्नश्वस संस्था द्वारा पावर पॉइंट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लघु वनोपज संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक के साथ अन्य विभागें के विभिन योजनाओं में शामिल करते हुए अधिक से अधिक आय अर्जित के गतिविधियों के बारे में समझाया गया। वन क्षेत्रों में विलुप्त हो रही प्रजातियों के संबंध में जानकारी देते हुए विनाश विहीन विदोहन पद्धति से वनोपज संग्रहण करने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता बताया। जिला बीजापुर अंतर्गत बहुतायत में पाये जाने वाली लघु वनोपजों के संग्रहण साथ मूल्य संवर्धन कर अधिक आय अर्जन के गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई।

भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 19 मार्च। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आहवान पर जिला भाजपा राजनांदगांव के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र लाल बहादुर नगर में बुथ सशक्तिकरण अभियान का बैठक शक्ति केंद्र विस्तारक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी हेमलाल वर्मा के द्वारा शक्ति केंद्र के संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, क्क- 2 एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक लिया गया जिसमें देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का अभिभाषण वाचन किया गया एवं बूथ सशक्तिकरण के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। हेमलाल वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी चुनावी मोड़ पर आ चुका है इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार रहें और चुनाव से पहले अपने अपने बुथ को मजबूत करने के लिए काम करें क्योंकि हम जब बुथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे इसलिए इस दिशा पर सभी काम करें जिससे आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनाना है जिसके लिए आप सभी को पुरी ईमानदारी और लगन से मेहनत करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के काम को योजना को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। हेमलाल वर्मा ने बुथ के सभी अध्यक्षों से निवेदन किया कि पार्टी के बुथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक में विस्तारक एवं प्रभारी हेमलाल वर्मा, संयोजक उमेंद सिंग देवांगन के साथ अन्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

जिले में चलाया गया तंबाकू निषेध अभियान, तंबाकू नियंत्रण के लिए कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई

कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले 136 लोगों का कटा चालान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 19 मार्च। संचालक स्वास्थ्य सेवाए छत्तीसगढ़ द्वारा 17 मार्च 2023 को तंबाकू निषेध अभियान के रुप में मनाएं जाने के निर्देश दिये गए थे। जिसके परिपालन में 14 मार्च 2023 को जिला कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कर जिले में तंबाकू नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किये जाने एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। 15 मार्च से 17 मार्च 2023 तक जिले के भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर विकासखण्डों में प्रर्वतन दल के माध्यम से कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की निगरानी की गई। एवं कानून के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 136 चालान के माध्यम से 18550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। ताकि जिले में सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले धूम्रपान को रोका जा सके एवं अवैध तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर रोक लगाया जा सके।

जिले में लगातार तंबाकू नियंत्रण की दिशा में प्रयास किये जा रहें है ताकि जिले के आमजनों एवं बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाया जा सके। इसी तारतम्य में जिले के शैक्षणिक संस्थानों में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास के माध्यम से जिले में वर्तमान में कुल 120 शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित भी किया जा चुका है।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 मनोज लंबाड़ी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए जिले को राज्य स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लूमबर्ग परियोजना का सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला नोडल अधिकारी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि आगामी समय में जिले में कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का शत प्रतिशत पालन किया जाये ताकि यथाशीघ्र जिले को तंबाकू मूक्त जिला बनाया जा सके। और जिले के लोगों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

समाचार संक्षेप

तहसील साहू समाज ने भक्त माता कर्मा जयंती पर नगर में निकाली शोभायात्रा

गीदम, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गीदम नगर में शनिवार को तहसील साहू समाज ने भक्त कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान साहू समाज भवन में भक्त कर्मा माता की विशेष पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान गीदम नगर के भारी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए महिलाओ ने भी यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस शुभ अवसर पर खिचड़ी का भी वितरण किया गया। बता दे कि गीदम नगर में तहसील साहू समाज द्वारा हर वर्ष भक्त कर्मा माता की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एव धूमधाम से मनाई जाती है इस बार भी यह आयोजन भव्य रूप से किया गया इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा व बाईक रैली भी निकाली गई।

आंधी व ओलावृष्टि से कई जगह बिजली के खंभे व पेड़ गिरे

गीदम, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गीदम क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक तेज आंधी तूफान व ओलावृष्टि से क्षेत्र में कई घण्टो तक बिजली आपूर्ति सेवा प्रभावित हो गई। आंधी तूफान से कई जगह पेड़ गिरे तो कही बिजली के खंभे गिरे जिससे बिजली आपूर्ति सेवा क्षेत्र में पूरी तरह से बंद हो गई। बारिश लगातार जारी रही इसी बीच रात भर विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली सेवा दुरस्त करने में जुटे रहे। बिजली विभाग गीदम के जेई अमित कुजूर ने बताया की इस बारिश से थाने के पास पेड़ का डाल गिरा था वही बिजली आफिस के पास ही एक बिजली का क्षतिग्रस्त हो गया, इसी तरह हारम पेट्रोल पंप के पास इंसुलेटर ब्लास्ट ह्यो गया वही कई अलग-अलग जगहों पर इस बारिश से लाइन में फाल्ट आ गया जिससे दुरस्त करने का कार्य किया जा रहा है। बता दे कि शहर में बिजली व्यवस्था जल्द से जल्द दुरुस्त हो इसके लिए रात भर विधुत कर्मचारी बारिश के बीच डटे रहे। हालांकि आंधी तूफान से शनिवार शाम गीदम शहर में प्रभावित हुई बिजली आपूर्ति सेवा को आधी रात तक ही बिजली कर्मियों ने दुरस्त कर दिया था, इधर दूसरे दिन भी आसपास के क्षेत्र में बिजली लाइन दुरुस्त करने का कार्य जारी रहा।

साहू समाज ने मां कर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा

नारायणपुर, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नारायणपुर जिले में आज जिला साहु समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा की 1007 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। साहु समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा साहु समाज के भवन से नगर के मुख्य मार्गो हाईस्कूल मैदान, बस स्टेंड, जय स्तंभ चौक से होते हुए नाचते गाते और माता के जयकारे लगाते हुए निकाली गई, इस शोभायात्रा में 500 महिलाओ ने सर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुई। जिला साहु समाज के अध्यक्ष ने बताया कि इस दिन साहू तेली समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मादेवी की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। साहू समाज की आराध्य देवी कर्मादेवी सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी हैं, कर्माबाई की गौरव गाथा जनमानस में श्रद्धा तथा भक्तिभाव से वर्षो से चली आ रही है। आज शोभायात्रा के साथ ही माता की पूजा आरती करने के प्रश्चात् समाज के बुजर्गो और प्रतिभान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।

आईटीबीपी ने 10 आदिवासी युवतियों को भेजा पंजाब भ्रमण पर

नारायणपुर, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल नारायणपुर में तैनात 45 वाहिनीं के अनुरक्षण मैं जिला नारायणपुर छत्तीसगढ़ के बस्तर एवं अबूझमाड़ परी क्षेत्र की 10 आदिवासी युवतियों के दल को अमृतसर पंजाब भ्रमण के लिए भेजा गया पिछले 3 माह के दौरान अब तक 6 चरणों में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वाहिनी द्वारा 62 युवक-युवतियों को भ्रमण के लिए भेजा जा चुका है यह कार्यक्रम आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम गृह मंत्रालय तथा युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की नीतियों के तहत नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है भ्रमण से ना केवल आदिवासी युवाओं को भारत की भौगोलिक सांस्कृतिक विविधताओं की जानकारी मिलती है बल्कि देश में हो रहे कौशल विकास व तकनीकी परिवर्तनों विकास शील परियोजनाओं वैश्विक आधारभूत संरचनाओं के साक्षी बनने के अवसर प्राप्त होते हैं आदिवासी युवतियों का यह दल दिनांक 20-03-2023 से दिनांक 28-03-2023तक पंजाब के खूबसूरत शहर अमृतसर का भ्रमण करेगा तथा वहां स्थित स्वर्ण मंदिर सिखों का गुरुद्वारा जलियांवाला बाग भारत पाकिस्तान का बॉर्डर बाघा बॉर्डर ड्रिल विभिन्न सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं अन्य पर्यटन स्थल के स्थानों के दर्शन करेगा वह जानकारी हासिल करेगा रवानी से पूर्व युवतियों को संबोधित करते हुए रोशन सिंह असवाल कमान अधिकारी सामरिक मुख्यालय 45 वाहिनी द्वारा भ्रमण के दौरान देश की विभिन्न विकास गतिविधियों कौशल विकास शैक्षणिक एवं रोजगार देश के विभिन्न राज्यों में हो रही तकनीकी विकास समसामयिकी परिवर्तन एवं सांस्कृतिक विरासत एवं वेशभूषा के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु आग्रह किया साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत एवं गंतव्य स्थल अमृतसर पंजाब के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर मनोज साह उप सेनानी एवं 45 वी वाहिनी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

एक घंटे की बारिश से शहर तरबतर

राजिम 19 मार्च। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले 1 सप्ताह से सुबह के समय बादल बदली दिख रही थी आखिरकार बादल ने आज बरस ही दी। दोपहर 12ः00 से पहले कहीं नहीं लग रहा था कि आज वर्षा होगी। पूर्व दिनों की भांति इसी तरह से बदली आएगी और चली जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और दोपहर को बूंदाबांदी शुरू हुई तथा देखते ही देखते जोरदार बारिश होने लगी आधा घंटे तक बड़ी बूंदों की बारिश हुई तथा आधा घंटे तक हल्की बारिश होती रही इससे शहर तरबतर हो गया अपनी रोजमर्रा के सामान खरीदने के लिए आए हुए लोगों को जल्दी-जल्दी में सामान को समेटना पड़ा। इस समय सब्जी मंडियों में भी बड़ी भीड़ रही। कुछ लोग सामान खरीद कर चले गए थे तो कुछ लोग जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन बारिश में जल्दबाजी में खलल डालते हुए उन्हें रुकने के लिए मजबूर कर दिया। शहर की सड़कों पर बारिश के पानी जमा हो गए। धीरे धीरे कर पानी नालियों से बाहर निकले। शाम 4ः00 बजे मौसम खुला फिर धूप निकले और देखते ही देखते जमीन भी सूखने लग गए। अब लोगों को पूरा अंदेशा है कि मौसम पूरी तरह से खुल जाएगा।

प्रदेश सरकार बताए, बाघों पर 183 करोड़ से ज्यादा रकम कहां खर्च की गईःभाजपा

रायपुर 19 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2019 से 2022 (तीन वर्षों) में राज्य भर के कुल 19 बाघों पर 183.77 करोड़ खर्च कर दिए जबकि विशेषज्ञों व वन्यजीव संरक्षण के अभियान के लिए काम करने वालों का मानना है कि रिजर्व फॉरेस्ट के बाघों के खान-पान पर कोई खर्च ही नहीं किया जाता। पूर्व वन मंत्री एवं भाजपा नेता श्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार क्या अब वन्य प्राणियों के लिए तयशुदा बजट राशि में भी भ्रष्टाचार का कोई नया अध्याय लिख रही है? श्री गागड़ा ने कहा कि 2019 से 2022 के वर्षों में खर्च की गई इतनी बड़ी रकम के बारे में प्रदेश सरकार स्थिति स्पष्ट करे। हर क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटाले करके छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने वाली मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार नित नए घोटालों की इबारत लिख रही है और अब तो वन्य प्राणियों की बजट की राशि को लेकर सामने आए तथ्य इस सरकार के भ्रष्टत्तम राजनीतिक चरित्र की गवाही दे रहे है। श्री गागड़ा ने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में पेट्रोलिंग को छोड़कर बाघों पर कोई खर्च नहीं होता और न ही वहां कोई बड़ा निर्माण कार्य हो सकता है। यह जंगल है और बाघों को वहां नितांत प्राकृतिक वातावरण में रखना होता है, तब यह रकम कहां खर्च की गई? भाजपा नेता व पूर्व मंत्री श्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के नाम पर भी कोरी लफ्फाजी कर रही है। इस सरकार में न केवल वन्य प्राणियों की मौत, शिकार और तस्करी के मामले बढ़े हैं, अपितु जंगली इलाकों में बसे गांव में वन्य प्राणियों के मामलों में ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। श्री गागड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 4 साल में जंगली हाथियों के हमले में 204 लोगों की मौत हुई। इसी तरह 45 हाथी भी सुरक्षा की बदइंतजामी के चलते मारे गए। वन्य प्राणियों के शिकार और उनकी तस्करी के मामलों में बेहद इजाफा होना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन की ताकीद कर रहे हैं।

तहसील साहू समाज भखारा ने कर्मा जयंती पर निकाली सामाजिक समरसता रैली

अंवरी 19 मार्च। नवगठित तहसील साहू संघ भखारा ने कर्मा जयंती के पूर्व तहसील स्तरीय सामाजिक समरसता बनाने हेतु बाइक रैली की जिसका शुभारम्भ तहसील साहू समाज भवन भखारा में मां कर्मा की पूजा अर्चना कर तहसीलाध्यक्ष भखारा ने सामाजिक ध्वज दिखाकर वा उपाध्यक्ष मीलू राम साहू महिला उपाध्यक्ष दमयंती साहू ने तिलक लगाकर तहसील युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू साहू के नेतृत्व में रवाना किया जिसका त्रिकुटी धाम परिक्षेत्र कोसमर्रा में परिक्षेत्र अध्यक्ष रामचन्द्र साहू ने स्वागत किया पश्चात गुजरा ग्रामीण जिप सदस्य गोविंद साहू ने स्वागत किया और रैली डोमा परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष राकेश साहू, कोर्रा परिक्षेत्र में नीलमणी साहू तर्रागोंदी (पचपेड़ी) परिक्षेत्र उपाध्यक्ष चमन साहू ने स्वागत किया रामपुर गाड़ाडीह होते हुए सेमरा पहुंचा जहा परिक्षेत्र अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ स्वागत कर यात्रा नगर परिक्षेत्र भठेली में भ्रमण करते नगर परिक्षेत्र भखारा पहुंचा जहा अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने स्वागत करते हुऐ सभी युवा साथियों को बधाई वा शुभकामनाए प्रेषित किया चर्चा के दौरान युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू साहू ने कहा की मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और बिना समाज के व्यक्तीका कोई अस्तित्व नहीं है चाहे कोई भी समाज हो अपनी संस्कृती, सभ्यता, एवम मूल उद्देश्यों को कभी नहीं भूलना चाहिए, संत माता कर्मा का जीवन हमेशा त्याग, तपस्या, दयालुता,परोपकार,सेवा, की प्रतिमूर्ति रही हैं।

पांडुका वन परिक्षेत्र के जंगल में मिला तेंदुए का शव, वन विभाग में मचा हड़कंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/ छुरा 19 मार्च। गरियाबंद वनमंडल के वनपरिक्षेत्र पांडुका मे आज एक मृत तेंदुआ मिलने से सनसनी फैल गई धीरे धीरे बात पुरे इलाके मे फ़ैल गई और मृत तेंदुआ को देखने लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा वही घटना कि जानकारी वनविभाग को मिलते ही गरियाबंद वनमंडल के वनमंडल अधिकारी विभाग के कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पहुंच कर पंचनामा कि कार्यवाही करने के बाद मृत तेंदुआ का तीन डॉक्टरों की उपस्थिति में पोस्ट मार्टम करवाकर दाह संस्कार कराया मृत तेंदुआ के शरीर से दुर्गन्ध आ रही थी जिससे लग रहा था कि तेंदुआ कि मौत कई घंटो पहले हुई थी वही तेंदुआ का शरीर फूल गया था ग्राम पंडरीपानी के ग्रामीण ज़ब महुआ फूल बीनने गांव से जंगल मे गये तो देखा कि एक बड़ा तेंदुआ झाड़ियों के पास पड़ा हुआ था महुआ फूल बीनने गये ग्रामीण को लगा कि तेंदुआ जिन्दा है और सोया है तेंदुआ देखकर ग्रामीण डर कर भागते हुए गांव पहुंचा जिसके बाद ग्रामीण ने पूरी कहानी गांव वालो को बताई गांव वालो ने हिम्मत जुटा कर जंगल पहुंचकर तेंदुआ को दूर से बहुत देर तक देखे काफी समय तक तेंदुआ के द्वारा कोई मुवमेंट नहीं करने पर ज़ब ग्रामीण नजदीक गये तो अजीब सा दुर्गन्ध आने से ग्रामीण समझ गये कि तेंदुआ कि मृत्यु हो चुकी है जिसकी जानकारी गांव वालो ने वनविभाग के कर्मचारियों को दी जिसके बाद वनविभाग के कर्मचारी घटना स्थल पहुंचकर तेंदुआ के शव को कपड़े से ढक दिया वहीं वन विभाग के अधिकारियो ने पुरे मामले पत्रकारो को दूर रखा ज़ब पत्रकारो को घटना कि जानकारी मिली तो पत्रकार ज़ब घटना स्थल पहुँचे तो विभाग के लोगों ने पत्रकारो को घटना स्थल से दूर पर ही रोककर कहा गया कि आप लोग यही रुके घटना स्थल तक ना जाये आप लोगो को प्रेस विज्ञप्ति दे दी जायेगी यंहा तक मृत तेंदुआ का फोटो तक नहीं लेने दिया गया पुरे मामले मे वनविभाग द्वारा पत्रकारो को दूर रखना अनेक संदेह को जन्म देता हैआखिर ऐसी क्या बात है जिसे वन विभाग छीपाना चाहते थे वनविभाग के इस कार्यप्रणाली ने कई सवाल खडे कर दिये है। अभी गर्मी का महीना है जंगल के अंदर पानी बहुत कम मिलता है ऐसे मे जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने गांव कि तरफ रुख करते है और अपनी जान गंवा बैठते है।

पापमोचनी एकादशी पर राजीव लोचन मंदिर में रही भक्तों की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 19 मार्च। शनिवार को पापमोचनी एकादशी के मौके पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में एकादशी का व्रत किया गया। इस दौरान सुबह से ही विष्णु मंदिरों में बड़ी भीड़ देखी गई। धर्म नगरी के प्रसिद्ध भगवान राजीव लोचन मंदिर में सुबह से पट खुलते ही भक्तगण पहुंचकर भगवान राजीवलोचन की जयकारा लगाते रहे और पूजा अर्चना के साथ ही पुष्प, नारियल इत्यादि पूजन सामग्री समर्पित किए। इस नगरी में भगवान विष्णु के हम एक मंदिर है जिनमें प्रमुख रूप से भगवान राजीवलोचन, छोटे राजीव लोचन, लक्ष्मी नारायण, दत्तात्रेय, बद्रीनारायण अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, वराह अवतार, सूर्य देव मंदिर, भगवान का विराट स्वरूप आदि। बताया जाता है कि वर्ष में 24 एकादशी होते हैं। सभी का अपना अलग-अलग नाम है लेकिन चैत्र मास में किया जाने वाला इस एकादशी को पापमोचनी के नाम से जाना जाता है। यह दो शब्द पाप और मोचनी से मिलकर बना हुआ है पाप का अर्थ पाप या दुष्कर्म और मोचीनी का अर्थ हटाने वाला होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पापमोचनी एकादशी का व्रत बेहद शुभ माना गया है। इस व्रत को करने वाले को उनके पापों से मुक्ति मिल जाती है।

मुनि की ऐसी अवस्था देख मंजुघोषा उनके समीप आयी और वीणा नीचे रखकर उनका आलिंगन करने लगी। मेघावी भी उसके साथ रमण करने लगे। रात और दिन का भी उन्हें भान न रहा।इस प्रकार उन्हें बहुत दिन व्यतीत हो गये। मंजुघोषा देवलोक में जाने को तैयार हुई। जाते समय उसने मुनिश्रेष्ठ मेघावी से कहा, अब मुझे अपने देश जाने की आज्ञा दीजिये।

मेघावी बोले- देवी ! जब तक सवेरे की संध्या न हो जाय तब तक मेरे ही पास ठहरो।अप्सरा ने कहाः विप्रवर! अब तक न जाने कितनी ही संध्याँए चली गयीं। मुझ पर कृपा करके बीते हुए समय का विचार तो कीजिये। अप्सरा की बात सुनकर मेघावी चकित हो उठे। उस समय उन्होंने बीते हुए समय का हिसाब लगाया तो मालूम हुआ कि उसके साथ रहते हुए उन्हें सत्तावन वर्ष हो गये।

उसे अपनी तपस्या का विनाश करने वाली जानकर मुनि को उस पर बड़ा क्रोध आया। उन्होंने शाप देते हुए कहा कि 'पापिनी ! तू पिशाची हो जा।' मुनि के शाप से दग्ध होकर वह विनय से नतमस्तक हो बोली, मेरे शाप का उद्धार कीजिये। सात वाक्य बोलने या सात पद साथ साथ चलने मात्र से ही सत्पुरुषों के साथ मैत्री हो जाती है।मैं तो आपके साथ अनेक वर्ष व्यतीत किया हूं, अतः मुझ पर कृपा कीजिये।'

मुनि बोलेः भद्रे ! क्या करुँ? तुमने मेरी बहुत बड़ी तपस्या नष्ट कर डाली है। फिर भी सुनो। चैत्र कृष्णपक्ष में जो एकादशी आती है उसका नाम है 'पापमोचनी।' वह शाप से उद्धार करने वाली तथा सब पापों का क्षय करनेवाली है। सुन्दरी ! उसी का व्रत करने पर तुम्हारी पिशाचता दूर होगी।ऐसा कहकर मेघावी अपने पिता मुनिवर च्यवन के आश्रम पर गये। उन्हें आया देख च्यवन ने पूछाः 'बेटा! यह क्या किया? तुमने तो अपने पुण्य का नाश कर डाला !'

मेघावी बोले-पिताजी! मैंने अप्सरा के साथ रमण करने का पातक किया है। अब आप ही कोई ऐसा प्रायश्चित बताइये, जिससे पातक का नाश हो जाय।

च्यवन ने कहा- बेटा ! चैत्र कृष्णपक्ष में जो 'पापमोचनी एकादशी' आती है, उसका व्रत करने पर पापराशि का विनाश हो जायेगा।पिता का यह कथन सुनकर मेघावी ने उस व्रत का अनुष्ठान किया। इससे उनका पाप नष्ट हो गया और वे पुनः तपस्या से परिपूर्ण हो गये। इसी प्रकार मंजुघोषा ने भी इस उत्तम व्रत का पालन किया।पापमोचनी का व्रत करने के कारण वह पिशाचयोनि से मुक्त हुई और दिव्य रुपधारिणी श्रेष्ठ अप्सरा होकर स्वर्गलोक में चली गयी।भगवान श्रीकृष्ण कहते हैंः राजन् ! जो श्रेष्ठ मनुष्य 'पापमोचनी एकादशी' का व्रत करते हैं उनके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। इसको पढ़ने और सुनने से सहस्त्र गौदान का फल मिलता है।

एकादशी का पारण : पापमोचनी एकादशी का शुभ मुहूर्त 18 मार्च को प्रातः 8:58 से 9:28 तक रहा पारणा 19 मार्च को प्रातः 6:28 से 8:09 तक है।

पापमोचनी एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन आरती की इस दौरान भगवान राजीवलोचन की प्रतिदिन होने वाले आरती में सम्मिलित भी हुए। घंटी शंख एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूजन का माहौल देखते ही बन रहा था लोग अपने मुंह से भगवान राजीवलोचन की जयकारा लगा रहे थे तो भक्तगण परिवार के साथ आकर भक्ति में तल्लीन थे। इस दौरान महासमुंद के साहू परिवार ने पूजन अर्चन के दौरान बताया कि भगवान राजीवलोचन का दर्शन करने से हमारा जीवन धन्य हो गया।

न्याय योजना के नाम पर अंतर की जो राशि कांग्रेसी सरकार देती है शराब बेचकर वह उसे वापस भी ले लेती हैःनारायण चंदेल

रायपुर 19 मार्च। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे के उस बयान को कांग्रेस के सफ़ेद झूठ परोसने के शर्मनाक राजनीतिक चरित्र का परिचय बताते हुए कहा है कि पूरे देश में किसानों को सबसे ज़्यादा पैसा छत्तीसगढ़ सरकार दे रही है यह प्रदेश को गुमराह करने वाला कृत्य है और इसके लिए उन्हें प्रदेश के किसानों से बिना शर्त माफ़ी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि किसानों के नाम पर 61 हज़ार करोड़ रुपए का कर्ज़ लेकर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी प्रदेश के किसानों से क्षमा मांगते हुए पश्चाताप यात्रा पर निकलना चाहिए। श्री चंदेल ने कहा कि धान ख़रीदी का लगभग सारा पैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देती है। कथित न्याय योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ की सरकार जो पैसे देती है, कांग्रेस की यह बघेल सरकार वह पैसा शराब पिलाकर वापस ले लेती है। पूर्ण शराबबंदी के अपने वादे से मुकरकर छल-कपट की सारी हदें पार करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आम जनता से अन्याय करते हुए छत्तीसगढ़ को शराब में डुबो दिया है। श्री चंदेल ने कहा कि इस सरकार ने दो साल का बकाया किसानों का बोनस भी वादा करके नहीं दिया।

सत्र न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 19 मार्च । श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा ने आज सुकमा जिला प्रवास के दौरान जेलवाड़ी स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी बैरक, पाकशाला, भण्डार गृह और कार्यालय का निरीक्षण किया। सत्र न्यायाधीश श्री कुरैशी ने बारी-बारी से सभी बैरक में जाकर बंदियों से हालचाल पूछा। साथ ही कैदियों की स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली और कैदियों के समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधित मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। सत्र न्यायाधीश ने खाद्यान्न भण्डार गृह के निरीक्षण के दौरान रखे हुए दाल, चावल, सब्जी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कैदियों के दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रतिदिन दी जाने वाली मेन्यू रजिस्टर का निरीक्षण किया। कैदियों के लिए पौष्टिक भोजन के साथ ही शिक्षा, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों के साथ मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर उनके साथ बर्ताव किया जाय और कैदियों के प्रति संवेदनशील बने रहें। इस दौरान कैदियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर श्री संतोष कुमार महोबिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, कलेक्टर श्री हरिस.एस और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

साहू समाज ने कर्मा माता की जयंती पर उत्साह से निकाली शोभायात्रा और की पूजा-अर्चना

■ साहू समाज की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 19 मार्च। साहू समाज की अराध्य देवी को भक्तों ने माता कर्मा जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई। साहू समाज द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कर्मा माता की जीवनगाथा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में साहू समाज के सभी सदस्य शामिल हुए। शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित साहू समाज भवन में तेली कुल की देवी मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिला मुख्यालय के सभी साहू समाज के वरिष्ठ व महिलाऐं शामिल हुई। उसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सीधे साहू भवन पहुंची। शोभायात्रा के दौरान कर्मा माता के भजनों से नगर भक्तिमय हो गया वही आतिशबाजी से नगर गूंज उठा। वही साहू भवन में समाजिक संगोष्ठी का आयोजन रखा गया जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने कर्मा माता की जीवनगाथा पर प्रकाश डाला। वही बच्चों के कार्यक्रम आयोजन किए गए उसके बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान गुप्तेश्वर गंगबेर, रमाशंकर साहू, प्रमिला साहू, दयालु राम साहू, टीकाराम साहू, सेवकराम गुरूपंच, दीनदयाल साहू, शिवप्रसाद साहू, गोकुल साहू, तिलोचन साहू, कोमल साहू, नीमू साहू, जागेश्वर साहू, डोमन साहू,चमन साहू, शिव साहू, रोहित साहू, भुनेश्वरी साहू, सत्यभामा साहू, जानकी साहू, यशोदा साहू, दुलारी साहू समेत समाज के सदस्य मौजूद रहे। समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष व समाज के जिलाध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि माता कर्मा के द्वारा भगवान जगन्नाथ खिचड़ी भोग को ग्रहण किया है। उन्होने कहा कि समाज में प्रेम भाईचारा की भावना बढ़ी है। समाज में गतिविधियां निरंतर जारी रहना चाहिए इससे समाजिक लोगो को जुड़ने का अवसर मिलता है। एवं कांग्रेस सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मंत्री कवासी लखमा का कर्मा जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित किए जाने एवं साहू समाज भवन निर्माण के योगदान दिये जाने पर जिला साहू संघ सुकमा की ओर से आभार प्रकट किया।

समाचार संक्षेप

हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली बाइक रैली

सुकमा 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हिंदू नव वर्ष के स्वागत में, हिंदू नव वर्ष के पूर्व संध्या पर भव्य बाइक रैली का आयोजन रखा गया है, जिसमें आप सभी मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी बंधुओ से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस भव्य बाइक रैली को भव्यता प्रदान कर इसे सफल बनाने की कृपा करें ।

राजिम भक्तिन माता समिति ने खिचड़ी बांटकर भक्त माता कर्मा जयंती मनाई

राजिम 19 मार्च। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा साहू छात्रावास परिसर राजिम में कर्मा माता की पूजा अर्चना कर खिचड़ी बांटकर जयंती मनाया गया सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने पूरे प्रदेश वासियों को कर्मा माता की 1008 वी जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए तथा संत माता कर्मा के बताए हुए मार्गो पर चलकर सर्व समाज समाज के विकास एवं उत्थान के के दिशा में कार्य करने का आह्वान किया एवं साहू समाज के साथ-साथ सर्व समाज को कर्मा माता जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया जयंती समारोह के अवसर पर समिति के अध्यक्ष लाला साहू संरक्षक डॉ महेंद्र साहू विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ आलोक चंद्रिका साहू रामगुलाल साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव श्याम साहू लोकनाथ साहू महामंत्री रामकुमार साहू संयुक्त सचिव टीकम साहू राजू साहू संगठन मंत्री अमृत साहू विष्णु साहू प्रचार मंत्री ईश्वरी साहू तरुण साहू नंदकुमार साहू छत्रपाल साहू एवं प्रांशु साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बूथ मजबूत तो भाजपा मजबूत अभियान 17 से 27 तक जारी रहेगाः सिन्हा

गरियाबंद 19 मार्च। भ.ज.पा. के आह्वान पर बूथ सशक्तिकरण अभियान 17 से 27 मार्च किये जाने है आज शक्तिकेंद्र मालगांव एवं घुटकुनावपारा से शुरुआत किये गए जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठछत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरलीधर सिन्हा थे । श्री सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी, पार्टी नहीं परिवार है और कार्यकर्ताओं की पार्टी है इसलिये हम संगठन के लिए साल के 365 दिन कार्य करते हैं । भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़े होते हैं आज हम बूथ सशक्तिकरण करने उपस्थित हुए हैं, पूर्व में अपना बूथ, सबसे मजबूत पर संगठन का कार्य किये हैं उसी तरह प्रदेश की भूपेश सरकार की विफलता और कुशासन को बेनकाब किये हैं जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला है साथ ही मोर आवास, मोर अधिकार आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया और 8 लाख प्रधानमंत्री आवास अपूर्ण की राज्यांश राशि भुगतान करने और 16 लाख नए प्रधानमंत्री आवास गरीबों को शीघ्र देने भाजपा ने विधानसभा भवन का घेराव किया गया जिसमें राज्य की काँग्रेस सरकार हिल गई है आगे और आंदोलन करके भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का भाजपाइयों ने संकल्प लिया है । हमें बूथ को मजबूत करना है इसलिए बूथ मजबूत होंगे तो पार्टी मजबूत होगी तो हमें 17 मार्च से 27 मार्च तक सभी बूथ पर सशक्तिकरण अभियान चलाना है जिसके लिए प्रभारी व तिथि तय कर लिया जावे । मालगांव शक्तिकेन्द्र से फारुख चौधरी , शालिकराम निषाद, नंदकुमार साहू , संजु साहू , कुपेश ध्रुव ,पंचम साहू देवशरण साहू, भुनेश्वर निषाद शक्तिकेन्द्र घुटकुनवापारा से मंडल उपाध्यक्ष देवेश्वर गजेन्द्र, भागीरथी साहू, राजेन्द्र तिवारी, भगवती राम, रूपराम ध्रुव, बलराम गंधर्व, डायालाल ध्रुव, हिराऊ राम ध्रुव सहित भाजपा कार्यक्रर्तागण उपस्थित थे ।

सिद्धि माता मंदिर सन्डी बेमेतरा में पशुबलि पर रोक लगेः डॉ. दिनेश मिश्र

रायपुर 19 मार्च। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि बेमेतरा के संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर में बलि प्रथा पर पूर्णतः रोक लगे.पिछले कई वर्षो से क्षेत्र के अनेक नागरिक इस स्थल पर रोक लगाने की मांग कर रहे है.यहाँ तक कि मंदिर समिति भी अब पशुबलि पर रोक के लिए सहमत हो गयी है.अब इस कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगना चाहिए। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा प्रदेश में राज्य सरकार के धर्मस्व एवं न्यास विभाग के आदेश के बावजूद कुछ स्थानों पर पशुओं की बलि चढ़ाये जाने की परंपरा जारी है, जबकि राज्य में पशुबलि निषेध अधिनियम लागू है तथा राज्य शासन के धर्मस्व एवं न्यास विभाग द्वारा पशुबलि पर रोक के लिए लिखित में आदेश भी जारी किया जा चुका है इसके बाद भी पशुबलि की परंपरा का जारी रहना उचित नहीं है। देश के अनेक धार्मिक स्थलों में आज भी विभिन्न धार्मिक अवसरों पर पशुओं के बलि देने की परंपरा कायम है जबकि किसी भी धर्म ने हिंसा को मान्यता नहीं दी है। सभी धर्म प्रेम और अहिंसा पर चलने की ही सीख देते हैं फिर भी कुछ पुरातन मान्यताओं का सहारा लेकर पशुबलि की घटनाओं के समाचार मिलते हैं। डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि बेमेतरा के संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर परिसर में सैकड़ो पशुओं की बलि चढ़ती है। जिससे महौल ,अशांत परिसर अपवित्र, रक्तरंजित होता है । उक्त बलि प्रथा का विरोध पूर्व में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति द्वारा किया जा चुका है, साथ ही कबीरपंथी ,सर्वसमाज ने भी इसका विरोध किया है तथा ज्ञापन सौंपा है, अब मंदिर समिति भी अब पशुबलि पर रोक के लिए सहमत है अतएव प्रशासन को सहयोग कर बलि की इस कुपरम्परा पर रोक लगने के लिए मदद करनी चाहिये. अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति बलि प्रथा के खिलाफ अनेक वर्षो से कार्य कर रही है।

एक नजर

तिल्दा नेवरा, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम रिसदा के गौरव चिराग बंजारे को वैज्ञानिक शोध के लिए जर्मनी रवाना होने पर परिवार, समाज, मित्र मण्डली सहित समस्त ग्रामवासीयों के साथ सम्मान कर उत्साह वर्धन किया गया साथ ही उज्जवल भविष्य के लिए बधाई शुभकामनाएं देते हुए भाटापारा रेलवे स्टेशन से रवाना किया।

निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन

तिल्दा नेवरा, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ सिंधी युवा विंग तिल्दा इकाई द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत भवन तिल्दा में निः शुल्क विशाल मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के द्वारा भगवान झूलेलाल जी की पूजा अर्चना के बाद किया गया।कार्यक्रम में सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया सिंधी पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष शम्मन लाल खूबचंदानी तथा गौ सेवक सिमरन खूबचंदानी विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में स्नह्र प्रशांत आडवाणी, स्नह्र सीमा आडवाणी, स्नह्र निखिल मोतीरामनी, स्नह्र ओम लेखवानी, स्नह्र डेनिस डेविड, स्नह्र गजेंद्र यलमे, स्नह्र प्रेरणा अमरोसे, स्नह्र गौरव आहुलिवालिया द्वारा 450 ब्यक्तियो का स्वास्थ परीक्षण कर जरूरत के हिसाब से दवाई का निः शुल्क वितरण किया गया।

किसान मजदूर संघर्ष समिति की जनजागरण यात्रा 23 से

तिल्दा नेवरा, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। किसान मजदूर संघर्ष समिति द्वारा कुम्हारी जलाशय का क्षमता विस्तार एवं जलाशय से गुर्रा तक नहर नाली विस्तार की मांग को लेकर 23 मार्च से 3 अप्रैल तक जन जागरण यात्रा करेंगे। यात्रा प्रतिदिन शाम 4 बजे प्रारंभ किया जाएगा, पदयात्रा पूर्व 20 मार्च को शाम 5 बजे कुम्हारी जलाशय में गंगा आरती किया जाएगा और 3 अप्रैल को सुहेला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला पंचायत रायपुर के सभापति राजू शर्मा एवं किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि पदयात्रा पहले दिन 23 मार्च को ग्राम बहेराडीह, सरारीडीह और टोहड़ा तक चलेगी। 24 मार्च को परसदा, मानपुर, नकटीऔर तुलसी (मानपुर)। 25 मार्च को बोईरझिटी, अल्दा और सरफेंगा। 27 मार्च को भटभेराऔर बुड़गहन। 28 मार्च को खैरवारी बिटकुली और नवापारा। 31 मार्च को रानी जरौद, आमाकोनी और टेकारी। 1 अप्रैल को शिकारी केसली डिग्गी और खपरी। 2 अप्रैल को फरहदा, मटिया, गुर्रा और तुरमा तथा 3 अप्रैल को बासीन, भोथीडीह, लोहारी के बाद सुहेला में पदयात्रा का समापन किया जाएगा। पदयात्रा के संबंध में जिला पंचायत के सभापति शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के किसान पिछले 10 सालों से कुम्हारी जलाशय से पानी लाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक ना तो किसानों को पानी मिल पाया है और ना ही तत्संबंध में कुम्हारी बांध में कार्य प्रारंभ किया जा सका है, इसलिए शासन और प्रशासन को जगाने किसानों द्वारा जीवनदायिनी कुम्हारी जलाशय का जल लेकर उपरोक्त गांव में पदयात्रा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग से शामिल हुए कर्मा जयंती और सामूहिक विवाह समारोह में

खर्चीले शादी समारोह को छोड़कर सामूहिक विवाह की ओर बढ़ रहा है समाज:बघेल

- सीएम भूपेश ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 27 जोड़ों को दिया आशीर्वाद
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अब मिलेगी 50 हजार रुपए की राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 19 मार्च। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले केपलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम दतान में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। आदर्श सामूहिक विवाह के अंतर्गत 27 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर वर एवं वधु को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश की बधाई दी एवं उनके सुखमय जीवन की कामना की। विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू तथा संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल सुश्री शकुंतला साहू छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, साहू समाज जिलाध्यक्ष सुनील साहू कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित समाज के अन्य पदाधिकारी गण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण कार्यक्रम स्थल दतान में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की आजीविका के लिए बहुत सी योजनाएं सरकार के माध्यम से संचालित की जा रही हैं, सभी इन योजनाओं से लाभ उठाएं। यह रास्ता भक्त माता कर्मा का दिखाया हुआ रास्ता है कि समाज संगठित रहे, स्वस्थ रहे और उनके लिए रोजगार की व्यवस्था हो। हमारी सरकार उनके दिखाए मार्ग में चलकर उनके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा भगवान कृष्ण की बड़ी उपासक थीं, उन्होंने ग्वालियर से चलकर जगन्नाथपुरी तक की यात्रा की। जाति-पाति के भेद के कारण उन्हें मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया गया। तब भक्त माता कर्मा मंदिर के बाहर ही बैठकर भगवान कृष्ण की उपासना करने लगी। उनके कठोर तप का यह परिणाम हुआ कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनके समक्ष उपस्थित हुए और उनके द्वारा बनाए गए खिचड़ी का भोग किए। उसी दिन से जगन्नाथपुरी में महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग लगाया जाता है और यह परंपरा आज भी चली आ रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि हमारी सरकार ने बहुत से लोक कल्याणकारी निर्णय लिए हैं, उनमें सामाजिक हित में एक निर्णय यह भी है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जोड़ों को 15 हजार रुपए की जो राशि दी जाती थी उसे बढ़ाकर हमारी सरकार ने 25 हजार रुपए किया और अब विधानसभा सत्र के दौरान हमने यह निर्णय लिया है कि आगामी समय में होने वाले सामूहिक विवाह में जोड़ों को 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। अब लोग खर्चीले विवाह को छोड़कर सामूहिक विवाह की ओर उन्मुख होने लगे हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार काम कर रही है। कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई लगातार चल रही है। जिलों के अस्पतालों को मजबूत बनाने का काम हम कर रहे हैं, इसके साथ ही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का भी संचालन किया जा रहा है। पहली बार हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि हर समाज को 10 प्रतिशत की दर से जमीन उपलब्ध कराई जाएगी और जिन समाजों के पास जमीन है, उन्हें भवन निर्माण के लिए भी राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी दतान और कसडोल के भवन निर्माण के लिए क्रमशः 20 लाख और 50 लाख रुपए की राशि की घोषणा की गई है। इसी प्रकार बलौदा बाजार में हुए कार्यक्रम में विप्र समाज ने पूर्व सांसद डॉ. करुणा शुक्ला की स्मृति में भवन बनाने का निर्णय लिया था जो अब पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रत्येक समाज के लिए सामाजिक भवन हो इस दिशा में भी सरकार प्रयासरत है। सामाजिक गतिविधियों के लिए करोड़ों रुपए पूरे प्रदेश, विधानसभा, जिला, ब्लॉक स्तर पर सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए दीए जा रहें है।

40 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार पुलिस एवं सायबर सेल के साथ विशेष टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। मामले में संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 17 मार्च को भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर सायबर सेल टीम के साथ हमराह स्टाफ एवं गवाह के ग्राम जुड़ा पहुंचकर आरोपी परसराम कोसले एवं जितेंद्र बंजारे के घर दबिश देकर घर अंदर रखें 20- 20 लीटर हाथ भट्टी का बना कच्ची महुआ शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं भारी मात्रा में शराब बनाने हेतु रखे पास को मौके पर नष्ट किया गया एवं मामले में दोनों आरोपी गण के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज दिनांक 17/03/23 को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है. उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक परमानंद रथ, अजय अंचल, आरक्षक रवि ध्रुव गुमान जयसवाल भिमेन्द पैकरा साइबर सेल से प्रधान आरक्षक अरशद खान, नरेश खुटे, आरक्षक विजय निराला, लोरिक सांडील, अमिर राय अंजोर मांझी, भुपेन्द्र गुप्ता, म.आर. नेहा तिवारी, अंजूला पैंकरा, सरिता यादव का विशेष योगदान रहा।

आदिनाथ की नई प्रतिमा का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 19 मार्च। आज सिमगा में दिगंबर जैन समाज द्वारा 1008 आदिनाथ भगवान की एक नई प्रतिमा का स्वागत किया गया जो कि श्रीमान धर्मचंद जैन और उनके परिवार द्वारा प्रतिष्ठित करवाकर मंगवाया गया जो सिमगा दिगंबर जैन मंदिर में रखी गई 1008 भगवान आदिनाथ जी का स्वागत बड़ी धूमधाम से बाजे गाजे के साथ मनाया गया जिसमें दिगंबर जैन समाज सिमगा के धर्मचंद जैन एवं परिवार डॉ प्रदीप जैन एवं परिवार रूप कुमार जैन एवं परिवार डॉ राजेश जैन एवं परिवार राजेश जैन एवं परिवार राजेंद्र जैन एवं परिवार वीरेंद्र जैन एवं परिवार धीरज जैन एवं परिवार सुलभ जैन एवं परिवार नरेंद्र जैन एवं परिवार संजय जैन एवं परिवार मुन्ना जैन एवं परिवार इन सभी के साथ हमारे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के छाया विधायक माननीय सुनील माहेश्वरी एवं परिवार ने भी भगवान 1008 आदिनाथ भगवान जी का स्वागत किया।

भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा का माहेश्वरी ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 19 मार्च। भक्त शिरोमणि माता कर्मा शोभायात्रा का सुनील महेश्वरी ने किया स्वागत समाज के प्रमुख को का फूल माला शाल और श्रीफल से स्वागत सिमगा साहू समाज सिमगा द्वारा भक्त शिरोमणि माता कर्मा की शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने निवास कार्यालय के पास शोभायात्रा का स्वागत किया उन्होंने कहा कि माता कर्मा साहू समाज सहित सभी समाज के लिए प्रेरणादायक महेश चौधरी ने आगे कहा कि मां कर्मा भक्त शिरोमणि सेवा त्याग भक्ति समर्पण की देवी है परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणि मां कर्मा देवी देश-विदेश में सर्व साहू समाज की आराध्य देवी की गौरव गाथा जन जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से सैकड़ों वर्षो से चली आ रही है आराध्य मां कर्मा बाई के जीवन से आत्म बल निर्भर करता साहस पुरुषार्थ समानता और राष्ट्र भावना की शिक्षा मिलती है वह अन्याय के आगे कभी सुखी नहीं उन्होंने संसार के हर दुख सुख को स्वीकारा और डटकर उसका मुकाबला किया महेश्वरी ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज की महती भूमिका रही है यह समाज बहुत ही मेहनत कर एवं इमानदार समाज है इसके पूर्व महेश्वरी ने समाज के प्रमुख जनों का फूल माला साल श्रीफल से सम्मानित करते हुए भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर चित्र वासियों की सुख समृद्धि और शांति की कामना की समाज के लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान पूजन अर्चन कर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा में पीले वस्त्रों में सजी महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई इसमें त्याग की प्रतिमूर्ति भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की सुनील महेश्वरी ने पूजा आरती की इस दौरान वार्ड पार्षद लखन देवांगन तिलक देवांगन अंकुश भाटिया विक्रम पांडे कमलेश साहू नरेंद्र साहू शेखर साहू विश्वनाथ साहू चंद्रशेखर साहू अमरनाथ साहू कामदेव साहू बलराम साहू आदि मौजूद थे।

समाचार संक्षेप

सिविल अस्पताल में मनाया गया ग्लूकोमा सप्ताह

भाटापारा, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिविल अस्पताल मे ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया सीएम एचओ डा.एम. पी.महेश्वर, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डा. राजेश अवस्थी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा.राजेन्द्र महेश्वरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सुषमा महेश्वरी, के मार्ग दर्शन मे नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत कुमार गुलेरी, शरीक हैदरी, पद्मिनी सिंगरौल, सभी नेत्र सहायक अधिकारियों के द्वारा खण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर ग्लूकोमा सप्ताह मे सहायक नेत्र अधिकारी किस्मत गुलेरी द्वारा नेत्र से संबंधित रोगो की जानकारी देकर दूर दृष्टि दोष व निकट दृष्टि दोष के मरीजो का चश्मा जांच कर निःशुल्क प्रेशबायोपिक चश्मा का वितरण किया गया एवं आई ओपीडी मे आये 40 साल से अधिक उम्र के लोगो का ग्लूकोमा जांच किया गया नेत्र सहायक अधिकारी सारीक हैदरी के द्वारा ग्लूकोमा से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान कर लोगो का ग्लूकोमा जांचकर ग्लूकोमा से बचाव के बारे मे सावधानियां बतायी गई।

त्याग और समर्पण की देवी संत माता कर्मा : सुशील शर्मा

भाटापारा, 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अपने पूर्व निर्धारित दौरे के तहत मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने ग्राम बूचिपार, दौरेंगा पहुँच कर ग्राम में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीण ज़नो के साथ भगवान राम की पूजा अर्चना कर उपस्थित जन मानस को सम्बोधित कर धार्मिक विषय पर विस्तार से चर्चा कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बनाये गये राम वन गमन पथ, माता कोशलिया मंदिर सहित प्रदेश इस्तरिय रामायण ज्ञान प्रतियोगिता की जानकारी दी, किसानो की माँग पर ग्राम बूचिपार में किसान कुटीर निर्माण कराने का आस्वशन दिया, आदिवासी भवन में आहता निर्माण, महामाया प्रांगण का आहतानिर्माण, रामायण भवन का जीर्णोद्धार कार्यों को तथा ग्राम दौरेंगा में समशान घाट से नदी जाने के मार्ग में रंग मंच, शासकीय उचित मूल्य की दुकान हेतु भवन निर्माण कराने, नदी में पचरी निर्माण, नया आंगन बाड़ी केंद्र खोलने की माँग पर जल्द ही शासन से कार्यवाही करने बात कही, रात्रि 9 बजे सिमगा नगर साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त संतमाता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर कर्मामाता मंदिर जाकर पूजा कर क्षेत्र विकाश और जनता की खुशहाली की कामना की, कमलेश साहू, चंद्रशेखर साहू सहित सामाजिक बंधुओ के द्वारा ज़ोरदार स्वागत करने पर अभिभूत होकर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा भाव विभोर हो गये, इस मंचीय कार्यक्रम में ब्लॉक महामंत्रीहीरेंद्र कोशले, इंटक अध्यक्ष पप्पू अली, वरिष्ट कांग्रेसी दीनबंधु शर्मा ज़िला महामंत्री अरुण यादव विशेष रूप से उपस्तिथ थे। सामाजिक परिचर्चा में उपस्थित हज़ारों की संख्या में जन मानस को सम्बोधित कर माता संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा को त्याग और समर्पण की देवी बताते हुये सेवा की प्रतिमूर्ति माता कर्मा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, नगर साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू की माँग पर शीघ्र ही खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन से चर्चा कर एक बोर खनन करने का आस्वशन दिया।

भगवान आदिनाथ का मनाया गया जन्म कल्याण महोत्सव

सिमगा, 19 मार्च। नगर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया देवा दी देव महादेव भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव मुनि स्वामी जी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया दिगंबर जैन समाज द्वारा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर प्रातः 7:00 बजे ढोल नगाड़ों के साथ आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से मुनि सत्य मुनि जी महाराज के मंगल सानिध्य में नगर के प्रमुख मार्गो में भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने अपने अपने घरों के सामने भगवान आदिनाथ की मंगल आरती की शोभायात्रा वापस मंदिर में पहुंचने पर विधि विधान के साथ अभिषेक पूजन किया गया इस अवसर पर जैन समाज के सभी लोग उपस्थित थे धर्मचंद जैन वीरेंद्र जैन विजय जैन नरेश जैन रुक कुमार जैन संजय जैन जिनेंद्र जैन राकेश जैन शांतिलाल जैन मनीष जैन सचिन जैन सौरभ जैन ज्योति जैन सविता जैन ऋतु जैन पारुल जैन रुचि जैन अंजना जैन शिवानी जैन सौम्या जैन मधु जैन आदि उपस्थित थे।

कसडोल में धूमधाम से मनाई गई कर्मा जयंती

कलश यात्रा में सम्मिलित हुई भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 19 मार्च। बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर पंचायत में कलश यात्रा, झांकी के साथ संत माता कर्मा चौक में मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न।आज कसडोल नगर में संत शिरोमणि माता कर्मा की 1007 वीं जयंती पर साहू समाज के तत्वाधान में श्रद्धाभक्ति के साथ बड़े ही धुमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा के साथ कीर्तन मंडली, झांकिया व समस्त स्वजातीय जनों के साथ समाज के पदाधिकारीयों द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाला गया।

भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों एवं समाजिकजनों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण की देवी हैं। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर साक्षात भगवान श्रीकृष्ण माता कर्मा को दर्शन देने आये, माता कर्मा के हाथ से बना हुआ खिचड़ी भगवान श्रीकृष्ण ने खाये। संत शिरोमणी मां कर्मादेवी हमारे सर्व साहू तेली समाज की आराध्या देवी है। उनके जीवन चरित्र से पूरे समाज को प्रेरणा मिलती हैं। आज के इस शुभ अवसर पर साहेबलाल साहू, सुरेंद्र साहू, नंदकुमार साहू, राजकुमार साहू, रमेश साहू, देवेंद्र साहू, राजेन्द्र साहू, चंद्रिका साहू, अध्यक्ष गुनीराम साहू, उपाध्यक्ष बगसराम साहू, निर्मला साहू, बाबूलाल साहू, नीलू साहू, सचिव गोपाल साहू, कोषाध्यक्ष भरत लाल साहू, राधेश्याम साहू, चंद्रहास साहू, दुखीराम साहू, शांति साहू, गोटिलाल साहू, रामकुमार साहू, भानुप्रताप साहू, जयप्रकाश साहू, नीलकंठ साहू, गंगाप्रसाद साहू, सम्मेलाल साहू, तुमनाथ साहू सहित नगर व परिक्षेत्र के समस्त स्वजाति बंधु-भगिनी सहित समाज के प्रबुद्धजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निपनिया (छत्तीसगढ)

रा.प्र.क्र./ई.पंजी.नं.202302082200033 /अ 20 (1), वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दमयंती निर्मलकर पति स्व. अनिल निर्मलकर, आदर्शन नगर वार्ड नं. 05 कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 7 भू-खण्ड क्रमांक 15 कुल क्षेत्रफल 22631.00 व.मी. में से 250.00 व.मी. अतिक्रमित क्षेत्रफल के आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि के व्यवस्थापन हेतु न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने उपरांत विधिवत जांचकर, जांच प्रतिवेदन बाबत् प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 10/04/2023 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में कार्यालयीन अवधि में नियत तिथि तक कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 25 में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

जारी दिनांकः-09/03/2023
पेशी दिनांकः-10/04/2023

तहसीलदार (नजूल)
कवर्धा

मुहर

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-854/NIT-20/2022-2023/ व ले लि — दिनांकः 15/03/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 21.03.2023 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28.03.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29.03.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू में) :- T0102 To T0105-A,, 1500.00
कार्य का विवरण :- FOR MOW, DEPOSIT AND OTHER WORK OF
कार्य की अवधि :- Period 03 Months From Reekoned Date

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ No of calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
1	2	3
20 T0102	KONTA SECTION 1 VARIOUS BUILDING UNDER SUB DIVISION KONTA (ZONAL TENDER) **प्रथम आमंत्रण**	49.97 37500.00 749550.00
20 T0103	KONTA SECTION 2 VARIOUS BUILDING UNDER SUB DIVISION KONTA (ZONAL TENDER) **प्रथम आमंत्रण**	49.93 37500.00 748950.00
20 T0104	DORNAPAL SECTION 1 VARIOUS BUILDING UNDER SUB DIVISION DORNAPAL (ZONAL TENDER) **प्रथम आमंत्रण**	49.95 37500.00 749250.00
20 T0105	DORNAPAL SECTION 2 VARIOUS BUILDING UNDER SUB DIVISION DORNAPAL (ZONAL TENDER) **प्रथम आमंत्रण**	49.84 37400.00 747600.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

नोटः- वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 3. पैन कार्ड, 4. आधार कार्ड, 5. वैध बैंक साल्वेंसी, 6. ठेकेदारों द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि पत्र (**E.P.F.**), 6. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र सहित जो 12 माह से अधिक पुराना न हो, सभी संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं टी.डी.आर./एफ.डी.आर. अलग-अलग निविदा के लिए अलग-अलग प्रस्तुत करना होगा। फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा, सुकमा संभाग

जी-99415/5

बेबसी का इक समंदर दूर तक फैला हुआ और कश्ती कागजी पतवार के साये में है

दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ़्तारी चर्चा में रही।सीबीआई और बाद में ईडी ने दिल्ली सरकार की साल 2021 की शराब नीति में अनियमितताओं के सिलसिले में ये गिरफ़्तारी की है।इस गिरफ़्तारी को आम आदमी पार्टी सहित कई विपक्षी दलों ने राजनीति से प्रेरित बताया है।पार्टियों का कहना है कि केंद्र सरकार उन राज्यों के मंत्रियों और नेताओं को निशाना कर रही है जहाँ विपक्षी पार्टियाँ सरकार चला रही हैं।इसी तरह छत्तीसगढ़ में एक ओर केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी पूरी तरह सक्रिय है।एक के बाद एक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के नेताओं और कई नौकरशाहों को 2020 में हुए कोयले से जुड़े एक घोटाले के मामले में अक्टूबर 2022 से कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर पूछताछ के लिए समन जारी किया जा रहा है और कुछ की गिरफ्तारियाँ की जा चुकी हैं।अभी कुछ आईएएस के बाद आईपीएस निशाने पर हैं?बीते कुछ महीनों से बार-बार ये बात विपक्ष और एक तबका दोहरा रहा है कि केंद्रीय एजेंसियों को मोदी सरकार विपक्ष को 'काबू' में करने के लिए इस्तेमाल कर रही है।बीते साल मार्च में लोकसभा में दिए गए जवाब में वित्त मंत्रालय ने बताया था कि साल 2004 से लेकर 2014 तक ईडी ने 112 जगहों पर छापेमारी की और 5346 करोड़ की संपत्ति ज़ब्त की गई।लेकिन साल 2014 से लेकर 2022 के आठ वर्षों के बीजेपी के शासनकाल में ईडी ने 3010 छापा मारा और लगभग एक लाख करोड़ की संपत्ति अटैच की गई। पिछले आठ सालों में राजनीतिक लोगों के ख़िलाफ़ ईडी के मामले चार गुना बढ़े हैं. साल 2014 से 2022 के बीच 121 बड़े राजनेताओं से जुड़े मामलों की जाँच ईडी कर रही है, इनमें से 115 नेता विपक्षी पार्टियों से हैं यानी 95 फ़ीसदी मामले विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ हैं।अब इसकी तुलना यूपीए के समय से करें तो 2004 से लेकर 2014 के दस सालों में 26 नेताओं की जाँच ईडी ने की इनमें से 14 नेता विपक्षी पार्टियों के थे।

हालांकि दिसंबर 2022 में केंद्र सरकार ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे पास ऐसा कोई डेटा नहीं है जो सांसदों और विधायकों के खिलाफ़ दर्ज़ केस की जानकारी देता हो 'हम आम केस और राजनेताओं के केस को अलग-अलग तरह से नहीं देखते'।ईडी की तरह सीबीआई के मुकदमों के आंकड़े देखें तो यूपीए के दस सालों में 72 राजनेता सीबीआई के स्कैनर में आए और उनमें से 43 नेता विपक्ष के थे यानी तकरीबन 60प्रतिशतज्साल 2014 से लेकर 2022 तक एनडीए की सरकार में 124 नेता सीबीआई के शिकंजे में आए और इनमें से 118 नेता विपक्षी पार्टी के थे यानी 95 फ़ीसदी विपक्ष के नेता है।

छग भाजपा के विधायक और टिकट

भाजपा के छत्तीसगढ़ संगठन प्रभारी ओम माथुर का बड़ा बयान सामने आया है। उनके अनुसार चुनाव में हर राज्य का अपना अलग फार्मूला लागू होता है, यह जरूरी नहीं कि हम जहां जीते हैं, उस फार्मूले को दूसरे राज्य में लागू किया जाए।गुजरात और उत्तरप्रदेश की परिस्थितियां अलग थी और छत्तीसगढ़ की परिस्थिति अलग हैं।(उन्हें शायद यह याद नहीं है कि छग में तत्कालीन केंद्र सरकार में शामिल एक मंत्री सहित सभी सांसदों का टिकट काट दिया गया था) खैर वे कहते हैं कि विधानसभा चुनाव में जीतने योग्य उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा। उन्होंने इशारा किया कि चुनाव में हार की संभावना वाले विधायकों का टिकट कट सकता है। छत्तीसगढ़ में सीएम का चेहरा भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।छत्तीसगढ़ में सीएम का चेहरा कौन होगा इसका निर्णय न मैं कर सकता हूं न यहां की टीम कर सकती है। भारतीय जनता पार्टी अनुशासन के साथ काम करती है। यह किसी व्यक्ति परिवार या समाज की पार्टी नहीं है। पार्टी का सिस्टम बना हुआ है। यह सब सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करता है। कई जगह चेहरा घोषित करके चुनाव लड़े हैं और कई जगह बिना सीएम के चेहरे पर चुनावी मैदान में उतरे हैं।

कॉंग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम नहीं हटेंगे ?

सूबे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदलने की अटकलों को प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने शिगूफा करार दिया है। सैलजा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बना हुआ है, ऐसे में किसी परिवर्तन की कोई भी आवश्यकता नहीं है। राज्यों में इस तरह की सियासी शिगूफे उड़ते रहते हैं, जिस पर बहुत ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद यह संकेत दिया था कि संगठन में बदलाव होगा। इसके बाद राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा शुरू हो गई कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदला जाएगा?सैलजा ने कहा कि प्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव होना है।छग में भूपेश बघेल सरकार ने जिन मापदंडों को तय कर प्रदेश के लोगों के हित में काम किया है,संगठन उन्हीं योजनाओं को लेकर प्रदेश में काम कर रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इसे ही आधार बनाकर आगे बढ़ेगी और फिर सत्तासीन होगी।

और अब बस

- छग के विवेकानंद एयरपोर्ट को निजी हाथों को सोंपने के निर्णय पर अंतिम मुहर लग गई है।
- सत्ताधारी दल कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कुछ विधायकों द्वारा मंत्रियों को विस में घेरना चर्चा में रहाज
- विस सत्र के बाद कुछ एसपी, कलेक्टर, एएसपी, डीएसपी, पुलिस निरिक्षकों का तबादला होना तय है।
- हसदेव अरण्य में समस्त कोल ब्लाक रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है पर भूमि डायवर्सन अभी तक रद्द नहीं किया है?

एक नजर

कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक की मौके पर मौत

बलौदबाजार 19 मार्च। जिले में हुए भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। वहीं मृतक की भतीजी घायल है। बताया जा रहा है की शनिवार को कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार खेत में जाकर पलट गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी भतीजी घायल हो गई है। वहीं कार में सवार पति-पत्नी सुरक्षित है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पलारी थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल

रायपुर, 19 मार्च। मरीज को अस्पताल के वार्ड तक पहुंचाते हुए यह कोई वार्ड ब्वाय नही मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के कलेक्टर पी एस ध्रुव है। शुक्रवार को अस्पताल के औचक निरीक्षण पर खड़गवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर पी एस ध्रुव की नजर जब अस्तपाल के बाहर दर्द से कराहती हुई महिला देव कुंवर उम्र 50 वर्ष ग्राम जरौंधा निवासी पर पड़ी, तो कलेक्टर मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करने खुद को न रोक पाए। कलेक्टर ने फौरन व्हील चेयर पर दर्द से कराहती हुई महिला को बिठाकर खुद व्हीलचेयर चलाकर अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया और डॉक्टरों को महिला के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये।

नवीन पटेल भारतीय खाद्य निगम के छत्तीसगढ़ सलाहकार समिति के बने सदस्य

रायपुर, 19 मार्च। वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन एवं खाद्य व उपभोक्ता मामले के केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अनुशंसा पर कोरबा जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री नवीन पटेल को भारतीय खाद्य निगम के छत्तीसगढ़ के सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया है। पटेल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों एवं संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है, जिसके फलस्वरूप भाजपा प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ भारतीय खाद्य निगम का सलाहकार समिति सदस्य का नियुक्त नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसे आने वाले दिनों में खाद्य विभाग की समस्या व किसानों की बात सीधे देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच सकेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान भी हो सकेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी उन्हें सारी जानकारियां मुहैया हो सकेगी। पटेल किसानों से विशेष लगाव रखते हैं और हर समस्याओं का त्वरित निदान हो सके इस दिशा पर उनका विशेष जोर होगा। पटेल के खाद्य निगम सलाहकार सदस्य के रूप में नियुक्ति होने से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित कोरबा जिला भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

हुक्का सामग्री बेचते पकड़ा गया युवक

रायपुर, 19 मार्च। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बांसटाल इलाके में मुस्कान बेल्ट एंड चश्मा सेंटर पर पुलिस ने दबिश देकर हुक्का सामग्री बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। राज्य में हुक्का पिलाने और सामग्री बेचने के प्रतिबंध के बावजूद दुकान संचालक रजा चांगल बेल्ट, चश्मा और टोपी की आड़ में चोरी छिपे हुक्का सामग्री बेच रहा था। गोलबाजार थाना पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रजा चांगल को पकड़ लिया है।

धर्म सभा पर सियासत, कांग्रेस की नसीहत

'पीछे नहीं हो कोई राजनीतिक दृष्टांत', भाजपा का पलटवार - 'हिन्दुओं के लिए है आयोजन'

रायपुर 19 मार्च। राजधानी रायपुर में आज विश्व हिंदू परिषद की धर्म सभा होने जा रही है. कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे से होगी, लेकिन उसके पहले ही राजनीतिक बयानबाजी होने लगी है. एक तरफ कांग्रेस ने आयोजन के पिछले बार की तरह राजनीतिक रूप नहीं होने लेने की बात कही है, वहीं भाजपा ने इसे पूरी तरह से धार्मिक आयोजन करार दिया है. कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आयोजन को लेकर कहा कि चाहे धर्म सभा हो या संतों की यात्रा हम उसका स्वागत करते हैं. लेकिन इसके पीछे राजनीतिक दृष्टांत नहीं होना चाहिए. पिछली बार धर्म सभा में हमने मदद भी की थी, उस समय राष्ट्रपिता को अपमानित किया गया था. ऐसी प्रक्रिया ना दोहराई जाए. अगर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है तो छत्तीसगढ़ उचित स्थान नहीं है. उसके लिए इन्हें उत्तर प्रदेश या अन्य भाजपा शासित अन्य राज्यों में जाना चाहिए, जहां दूसरे धर्म के लोगों की संख्या ज्यादा है. छत्तीसगढ़ में 97 प्रतिशत आबादी हिंदुओं की है. इस यात्रा से संघ और भाजपा का राजनीतिक स्वार्थ दिख रहा है। सुशील आनंद शुक्ला के बयान पर भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि यह राजनीति का आयोजन नहीं है, यह आयोजन हिंदुओं के लिए है. पिछली बार की धर्म सभा कांग्रेसियों द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें महात्मा गांधी को लेकर अपशब्द कहे गए थे. आज की धर्म सभा विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित है. इसका प्रमुख काम धर्मांतरण को रोकना है. हिंदुओं के खिलाफ एफआईआर हो रहे हैं. जो मिशनरिया धर्मांतरण का प्रयास कर रही, उन पर एफआईआर नहीं हो रहा है. इसलिए ये कह रहे कि भाजपा शासित प्रदेशों में यात्रा निकाले. क्या यहां हिंदुओं की यात्रा निकालने पर भी प्रतिबंध है. अवधेशानंद गिरी इस धर्मसभा की अध्यक्षता कर रहे हैं, वे सभी संतों का मार्गदर्शन करेंगे. छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बंद होना चाहिए।

ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

रायपुर 19 मार्च। रायपुर एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट को बड़ी कामयाबी हासिल हुआ है एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम द्वारा विगत 04 वर्षो से दिल्ली स्थित पटेल नगर से फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर लोन उपलब्ध कराने का झांसा देकर देश भर में करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 08 सदस्यों को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया। आरोपियों के कब्जे से 5 नग कंप्यूटर सिस्टम , 2 लैपटॉप, 1 टैब, 17 नग मोबाइल एवं अन्य दस्तावेज जप्त किया गया।

सामूहिक आदर्श विवाह सभी समाज के लिए अनुकरणीय - मुख्यमंत्री

रायपुर, 19 मार्च। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी रायपुर के कृष्णा नगर-टिकरापारा स्थित कर्मा धाम पहुंचे और वहां साहू समाज द्वारा 11 मार्च से आयोजित कर्मा जयंती सप्ताह समारोह एवं सामूहिक आदर्श विवाह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इससे पहले कर्माधाम परिसर में माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामूहिक आदर्श विवाह सभी समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है। यह बहुत अच्छी बात है कि सामूहिक विवाह को लेकर अब लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। सामाजिक स्तर पर सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित किए जाने से अब यह हमारी परम्परा में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले से चली आ रही अच्छी परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अच्छी और नई परंपराओं को अपनाने से ही समाज तेजी से आगे बढ़ता है। इसके लिए समाज को संगठित होना जरूरी है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि साहू समाज एक कर्मठ समाज है, जो मितव्यता पर भी विशेष ध्यान रखता है। उन्होंने कार्यक्रम में समाज को कुरीतियों तथा खर्चीली शादी एवं महंगे आयोजनों से दूर रहकर इसकी बचत राशि से मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए साहू समाज के संकल्प को अच्छी सोच बताया और इसके लिए शासन की ओर से भी हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, शहर जिला साहू संघ रायपुर और संत माता कर्मा आश्रम रायपुर के तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में परिणय सूत्र में बंधकर जीवन की नई यात्रा शुरू कर रहे सभी नवदम्पत्तियों को उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

मौसम विभाग ने जारी किया 12 घंटे का अलर्ट ओलावृष्टि के साथ बिजली गिरने की आशंका

- **प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ हो रही बारिश**

रायपुर, 19 मार्च। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है. अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. बदले मौसम के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अंधड़, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो रहे हैं और ओला वृष्टि भी हुई है. शनिवार को भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी केर साथ बारिश हो रहे हैं. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आज प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात, अंधड़ और ओलावृष्टि हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, बिलासपुर, राजनादगांव, कवर्धा, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले सहित अन्य जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है. पिछले तीन दिनों से बदले मौसम की वजह से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और एक अन्य पूर्वोत्तर राजस्थान में निचले क्षोभमंडलीय स्तरों में स्थित है. क्षोभ मण्डल के निचले स्तर में तमिलनाडु से उत्तर कोंकण तक एक ट्रफ़वायु विच्छिन्नता मौजूद है. आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ वज्रपात होने, अंधड़ चलने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है.

मौसम वैज्ञानिक एच पी. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक साइक्लोनिक सरकुलेशन राजस्थान के ऊपर में बना हुआ है, इन दोनों के कंबाइंड के कारण बंगाल की खाड़ी से वज्रपात में नमी आ रही है, साथ ही एक द्रोणिका है जो कर्नाटक से लेकर झारखंड तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए गया है, जिसके कारण से पूरे प्रदेश भर में कुछ स्थानों में हल्की से बारिश निर्मित हुई है. आने वाले 24 घंटे में अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. एक-दो स्थानों में बारिश के साथ आंधी चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि की भी संभावना है. कांकेर के चारामा में ओलावृष्टि दर्ज हुई है. यह जो स्थिति है वह आने वाले 20 मार्च तक बने रहने की संभावना हैं।

भोपाल से रायपुर तक हवाई सफर आसान

रायपुर, 19 मार्च। भोपाल से रायपुर तक का हवाई सफर अब और आसान हो जाएगा। इस रूट पर संचालित इंडिगो की उड़ान 27 मार्च से सप्ताह के सभी सात दिन संचालित होगी। अभी तक यह उड़ान सप्ताह में चार दिन संचालित होती है। गौरतलब है कि भोपाल से रायपुर के बीच सबसे पहले एलाइंस एयर ने सीधी उड़ान शुरू की थी। कंपनी की उड़ान जयपुर से भोपाल आकर बाद में रायपुर जाती थी। वापसी में यह उड़ान रायपुर से भोपाल आकर जयपुर रवाना होती थी। यह उड़ान चार साल पहले बंद कर दी गई। इसके बाद जेट एयरवेज ने डायरेक्ट उड़ान शुरू की। लेकिन यह कंपनी ही बंद हो गई।

पत्रकार सुरक्षा कानून से लोकतंत्र मजबूत होगा- कांग्रेस

रायपुर, 19 मार्च । मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपनी जनप्रतिबद्धता को एक बार फिर से प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र का एक और वायदा पूरा किया। राज्य बनने के बाद से ही प्रदेश के पत्रकार, पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे थे। पिछली भाजपा की सरकार ने पत्रकारों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। मीडिया प्रजातंत्र का प्रमुख स्तंभ है, पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते है। अनेक बार ऐसे अवसर आते है जब पत्रकार अपने कर्तव्य को पूरा करते हुये खतरों का सामना करना पड़ता है। असमाजिक तत्वों से उनकी सुरक्षा पर खतरा होता है ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि समाज के इस प्रमुख वर्ग को उनकी पेशेवर जिम्मेदारी के निर्वहन के लिये विशेष संरक्षण दिया जाये। कांग्रेस की सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का निर्णय लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने वादे पर अमल करते हुए ठोस प्रावधान किया है। प्रस्तावित विधेयक में राज्य और जिला स्तर पर सुरक्षा समिति के गठन का प्रावधान है। पत्रकार सुरक्षा समिति, जोखिम प्रबंधन इकाई, पत्रकारों के सुरक्षा के समुचित उपाय, अनुचित अभियोजन और हिरासत से पत्रकारों की सुरक्षा के कठोर प्रावधान के समुचित प्रबंध है।

सरोगेसी कानून महिलाओं को प्रदान करता है संरक्षण

रायपुर, 19 मार्च। जिला न्यायालय परिसर रायपुर में आज संचालनालय स्वास्थ्य सेवा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में सरोगेसी कानून 2021पर राज्य की प्रथम प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री हेमंत सराफ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक स्वास्थ्य सेवाएं श्री भीम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायधीश श्री हेमंत सराफ ने कहा कि सरोगेसी कानून महिलाओं के अधिकारों की व्याख्या के साथ साथ कानूनी संरक्षण भी प्रदान करता है।इस कानून के माध्यम से भारत देश की हर महिला का अधिकार और विस्तृत रूप से सुरक्षित होगा। इस नये कानून के संबंध में हुई प्रथम कार्यशाला पूरे राज्य के लिये उक्त कानून के संबंध में जागरूकता का काम करेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संचालक स्वास्थ्य सेवाएं श्री भीमसिंह ने कहा कि हम स्वास्थ्य सेवाओं में प्राधिकरण के साथ मिलकर उक्त नवीन कानून पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश के लिये उदाहरण बनेगा और यहां पर उपस्थित माननीय न्यायाधीशगण तथा चिकित्सकगण की उक्त कानून के प्रावधानों को जन जन तक सहज तथा सरल तरीके से पहुंचाने में अपनी अभूतपूर्व भूमिका निभायेंगे। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा उक्त कार्यक्रम में सरोगेसी अधिनियम 2021 में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त कानून के तहत सरोगेसी क्लिनिकों का प्रतिशेष और विनियमन के संबंध में नियम बनाये गये है।जिसमें जो चिकित्सक कानून के तहत पंजीकृत नहीं है वह ऐसी विज्ञनिकों को नहीं चला सकते हैं। उनके द्वारा सरोगेसी के तहत चिकित्सकीय प्रणाली स्त्रियों तथा बच्चों के चिकित्सकीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. पारूल श्रीवास्तव ने सरोगेसी अधिनियम 2021 के उद्देश्यों को कानूनी पहलुओं के संबंध में कार्यशाला में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों में भारत विभिन्न देशों के लिये सरोगेसी का केन्द्र बन गया है। जिसके कारण अनैतिक व्यापार सरोगेट माताओं के शोषण सरोगेसी से उत्पन्न बालकों के परित्याग और मानव भ्रूणों और युग्मकों के आयात की घटनाएं बढ़ी है। इसीलिये 25 दिसंबर 2021 को उक्त कानून भारत में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि 23 से 50 वर्ष और 26 से 55 वर्ष के क्रमशः महिला और पुरूष अनुर्पय आशय रखने वाले भारतीय विवाहित दंपत्ति को नैतिक परोपकारी सरोगेसी अनुज्ञात कानून में है। सरोगेट माता वही है जो दंपत्ति के निकट नातेदार हो, जो पहले से विवाहित हो, जिसका स्वयं का बालक हो और उसकी आयु 25 से 35 वर्ष की हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने परित्यक्त बालक स्वार्थहीन सरोगेसी, नैदानिक स्थापना, वाणिज्यिक सरोगेसी इत्यादि विषयों की भी जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सरोगेसी कानून में घटित अपराध का संज्ञान राष्ट्रीय बोर्ड या राज्य बोर्ड या अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के परिवार पर ही किया जायेगा।ऐसे अपराध में सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट ही कर सकते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23